हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 28 जून 2024



तापमान

अधिकतम 35.8 डिग्री

न्यूनतम 25.9 डिग्री



नगर निगम कर्मचारियों द्वारा आवारा मवेशियों को गुरुवार को भी पकड़ा जाता रहा।

# डेटा व तकनीक के उपयोग में देश में पांचवें स्थान पर हमारा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर स्मार्ट सिटी ने अपनी उपलब्धियों में एक और सितारा जड़ते हुए डेटा, तकनीक, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के बेहतर उपयोग करने के मामले में देश भर के टाप शहरों में पांचवां रैंक हासिल किया है।

वहीं टीम मैनेजमेंट और अंतर्विभागीय समन्वय में 95 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे देश में शहर पहले स्थान पर रहा। रायपुर 85 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। बिलासपुर शहर के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है कि देश के 100 स्मार्ट सिटी में अलग-अलग सेक्टर में पहले और पांचवें स्थान पर हमर बिलासपुर हैं। आज नई दिल्ली में सीईओ कांफ्रेंस में किए गए मूल्यांकन के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें बिलासपुर को रैंकिंग प्रदान कर सम्मानित किया गया। बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एमडी अमित कुमार ने सम्मान पत्र ग्रहण किया। इस स्मार्ट सिटी के सीईओ कांफ्रेंस में एमडी अमित कुमार और जीएम आईटी वाय. श्रीनिवास शामिल हुए। कांफ्रेंस में देश भर के स्मार्ट सिटी का क्वालिटी कंट्रोल आफ इंडिया द्वारा किए गए। मूल्यांकन के परिणामों की घोषणा की गई। इसमे डेटा और तकनीक तथा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के बेहतर उपयोग के लिए बिलासपुर को सम्मानित किया गया। देश के टाप फाइव शहरों में पहले नंबर पर कर्नाटक का बेलगांवी स्मार्ट सिटी रहा। दूसरे नंबर पर चंडीगढ़, तीसरे नंबर पर कर्नाटक के तुमकुरु स्मार्ट सिटी, चौथे नंबर पर बैंगलुरु स्मार्ट सिटी और पांचवें स्थान पर बिलासपुर स्मार्ट सिटी शामिल हैं।

■ मध्य भारत में टाप फाइव में आने वाला बिलासपुर एकमात्र शहर


दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान पत्र ग्रहण करते निगम कमिश्नर अमित कुमार।

### टीम वर्क का नतीजा-एमडी

एमडी अमित कुमार ने शहर और स्मार्ट सिटी की टीम को बधाई देते हुए कहा की यह उपलब्धि बेहतर टीम वर्क और नागरिकों और अन्य विभागों के सहयोग का परिणाम हैं। भविष्य में हम और भी बेहतर प्रदर्शन करें, इसके लिए प्रयास जारी रखेंगे।

### टीम मैनेजमेंट और अंतर्विभागीय समन्वय में देश में पहले स्थान पर

टीम मैनेजमेंट और अंतर्विभागीय समन्वय में बिलासपुर देश के पहले स्थान पर हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाला बिलासपुर मध्य भारत याने सेंट्रल जोन का एकमात्र शहर है। जिसने टाप फाइव में अपना स्थान बनाया हैं। बिलासपुर स्मार्ट सिटी को स्मार्ट सिटी मिशन के डायरेक्टर कुणाल कुमार ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। जिसे एमडी अमित कुमार ने ग्रहण किया।

### सेंट्रल लाइब्रेरी पूरे देश में माडल बनकर उभरी

सीईओ कांफ्रेंस में बिलासपुर स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित डिजिटल लाइब्रेरी को सेल्फ रेवेन्यू जनरेट प्रोजेक्ट और सुविधाओं के मामले में मॉडल के रुप में प्रस्तुत कर अन्य सभी स्मार्ट शहरों को इस माडल को अपनाने की अपील की गई। मुख्य स्क्रीन में बिलासपुर सेंट्रल लाइब्रेरी की तस्वीर और वीडियो का प्रसारण किया गया।

### मूल्यांकन करने जनवरी में आई थी टीम

स्मार्ट सिटी के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और डेटा तकनीक के उपयोग का मूल्यांकन करने क्वालिटी कंट्रोल आफ इंडिया की टीम ने पूरे देश भर के 100 स्मार्ट शहरों के कमांड एंड कंट्रोल सेंटरों का दौरा किया था। बिलासपुर में जनवरी माह में केंद्रीय टीम ने दौरा किया था। जिसमें टीम ने तारबाहर स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर जाकर वहां की कार्यशैली, व्यवस्था, डेटा संग्रहण, डेटा का उपोयग, तकनीकों का प्रयोग,डेटा और कमांड सेंटर से शहर को लाभ तथा अन्य विभागों को कमांड सेंटर और स्मार्ट सिटी के डेटा से कार्यों में किस प्रकार से सहायता मिल रही है, जो डेटा है वह सुरक्षित हैं की नहीं, इस प्लेटफार्म का उपयोग अन्य संस्था कर पा रही है की नहीं, अन्य शासकीय विभागों से समन्वय का स्तर कैसा हैं? इन सभी बातों का केंद्रीय टीम ने मूल्यांकन किया था। जिसके आधार पर स्मार्ट शहरों को रैंकिंग प्रदान की गई । जिसमें बिलासपुर देश भर में पांचवें स्थान पर रहा। टीम मैनेजमेंट और अंतर्विभागीय समन्वय में देश भर में टाप किया है।

## खबर संक्षेप

### जिले के तीन तहसीलदार इधर से उधर

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के कुछ तहसीलदारों के पदस्थापना में फेरबदल किया है। इसमें तीन तहसीलदारों को दूसरे तहसीलों में पदस्थापना की गई है। गुरूवार की शाम को जारी आदेश के अनुसार बेलतरा के तहसीलदार प्रकाशचंद साहू को बेलतरा से हटाकर कोटा का तहसीलदार बनाया गया है। इसी तरह स्थानांतरण पर उपस्थित तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला को बेलतरा में पदस्थ किया गया है। कोटा के तहसीलदार प्रांजल मिश्रा को मस्तूरी तहसीलदार बनाया गया है।

### सात दिन बाद भी नहीं सौंपी डाक्टरों की लिस्ट

**बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले में अवैध तौर पर चल रहे झोलाछाप डाक्टरों पर नकेल कसने के लिए ऐसे लोगों की कुंडली तैयार करने के आदेश दिए थे। एक सप्ताह बाद भी बीएमओ व अन्य अधिकारी इस आदेश का पालन नहीं कर सके हैं जबकि 7 दिनों के भीतर ऐसे डाक्टर और क्लीनिक की रिपोर्ट देने की बात कही गई थी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने 20 जून को सभी बीएमओ और बीपीएम को अपने क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टरों पर कार्रवाई करने के आदेश दिया था और साथ ही ऐसे डाकटरों की सूची भी सीएमएचओ कार्यालय भेजने की बात कही गई थी। इसके लिए 5 सदस्यों की टीम नियमित तौर पर कार्रवाई पर नजर भी रखेगी। साथ ही हर हफ्ते इसकी रिपोर्ट भी सीएमएचओ कार्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं।

### बारिश की बेरूखी से किसान परेशान



**बिलासपुर।** जून बीतने में सिर्फ दो दिन बाकी है। मौसम के लिहाज से पिछले साल से अधिक गर्मी इस बार जून महीने में पड़ रही है। एक तरफ बारिश की बेरूखी से किसान परेशान हैं। बोनी में देरी होने की चिंता सता रही है, तो दूसरी ओर गर्मी और उमस से भी लोग हलाकान हो रहे हैं। गुरूवार को तो दिन में उमस और गर्मी के बीच अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री रहा जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक था। दिन के साथ ही रात को भी गर्मी का एहसास हो रहा है। ऐसे में न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री रहा जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक था। दिन में गर्मी और उसम से लोग परेशान होते रहे, लेकिन शाम को हवा और गर्जना से लोगों को उम्मीद थी कि अच्छी बारिश होगी लेकिन कुछ मिनटों की बूंदाबांदी के बाद बारिश भी बंद हो गई। ऐसे में 24 घंटे के भीतर 8.2 मिमी बारिश रिकार्ड हुआ।

#### बोनी पिछड़ने का सता रहा डर

जून माह में अमूमत किसान खेतों को बोनी के लिए तैयार कर लेते हैं। 20 जून के बाद अच्छी बारिश होने लगती है। जिसके बाद खेतों में जोताई का काम शुरू होता है। लेकिन इस बार एक दो दिन ही बारिश हो पाई है। ऐसे में अधिकतर खेत गीले भी नहीं हो पाए हैं। ऐसे में इस बार किसानों को बोनी पिछड़ने की चिंता सता रही है।

#### 29 प्रतिशत कम हुई बारिश

बारिश के नाम पर बिलासपुर जिले में अब तक 93.7 मिमी ही पानी गिरा है। जबकि अब तक 131 मिमी बारिश हो जाना था। ऐसे में बिलासपुर जिले में 29 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इसके अलावा प्रदेश के 9 जिलों में अब तक सामान्य बारिश हुई है। वहीं बिलासपुर सहित 21 जिले में बारिश की कमी है। सूरजपुर सहित 4 जिले में तो सूखे के आसार हैं।

### निजी कंपनियों के खाली 6420 पदों के लिए हजारों बेरोजगार पहुंचे, सड़क पर पार्किंग से ट्रैफिक होता रहा जाम

# प्रशासन के रोजगार मेले में उमड़ी बेरोजगारों की भीड़, धूप में खड़े रहे, पानी तक को तरसे युवा



**बिलासपुर।** जिला प्रसासन ने बीच शहर में स्थित लखीराम आडिटोरियम में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन कर दिया। निजी कंपनियों में खाली 6420 पोस्ट के लिए हजारों बेरोजगार सुबह से ही पहुंच गए, लेकिन यहां अधूरी तैयारी के बीच इन बेरोजगार युवकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। इसके साथ ही शहर के बीच में कार्यक्रम के चलते सड़क पर ट्रैफिक जाम होता रहा। गुरुवार की सुबह से ही रोजगार की तलाश में आए युवक लखीराम आडिटोरियम के बाहर एकत्रित होने लगे। जिला प्रशासन इनके बैठने तक की व्यवस्था नहीं कर पाया। कड़ी धूप में इन्हें लाइन लगवा दिया गया। आडिटोरियम की सीढ़ी से लेकर मुख्य मार्ग तक लाइन बेरोजगारों की कतार लगी रही। गर्मी से परेशान युवकों के लिए न तो नाश्ते की व्यवस्था की गई थी और न ही इन्हें पीने का पानी उपलब्ध कराया गया, जिसके चलते बेरोजगार भटकते रहे।

### हमारी सरकार की प्राथमिकता रोजगार देना:अग्रवाल

मेगा प्लेसमेंट कैंप में बड़ी संख्या में लोग नौकरी की चाह में कैंप में बायोडाटा लेकर पहुंचे। निजी कंपनियों द्वारा इन्टरव्यू के बाद लगभग 1300 युवाओं को कैंप में ही ऑफर लेटर दिए गए। बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने समापन समारोह में युवाओं को ऑफर लेटर बांटकर शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने कहा कि आज दुनिया में रोजगार देना सबसे बड़ी चुनौती है। मेगा प्लेसमेंट कैंप की शुरुआत 2005 से हुई। हमारी सरकार की प्राथमिकता युवाओं को रोजगार देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा युवाओं को ध्यान में रख कर नीतियां बनाई जा रही हैं। युवाओं को अपना रोजगार स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लोन दिया जा रहा है। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत आर पी चौहान, सहायक कलेक्टर और कैंप आयोजन के नोडल अधिकारी तन्मय खन्ना, रोजगार एवं प्रशिक्षण संचालनालय के उपसंचालक वी. के. केड़िया, उपसंचालक रोजगार कार्यालय अमर पहारे सहित बड़ी संख्या में युवा और नियोक्ता कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### सड़क पर पार्किंग ट्रैफिक जाम

बेरोजगार युवकों की भीड़ इतनी थी कि लखीराम आडिटोरियम की पार्किंग फुल हो गई। ऐसे में यहां पहुंचे युवकों ने अपनी गाड़ियां सड़क पर खड़े कर दिया। ट्रैफिक जाम होने पर यातायात पुलिस यहां वाहनों को उठाने पहुंच गई। इस पर युवकों के हंगामा मचाना शुरू कर दिया। बाद में इनकी गाड़ियों को छोड़ दिया गया। अंत में सामने के खाली मैदान को पार्किंग बनाया।




### सरकारी नौकरी समझ पहुंच गए सैकड़ों लोग

जिला प्रशासन के इस मेगा रोजगार मेला में कई बेरोजगार तो ये समझकर पहुंच गए कि ये सरकारी नौकरी है। यहां आने के बाद वो लोग फार्म भी भरने लगे। बाद में अन्य लोगों से मालूम हुआ कि ये तो प्राइवेंट कंपनियों में कर्मचारी की जरूरत होने पर वे लोग यहां कर्मचारी खोजने आए है। ऐसे में कई युवा लौट गए। तो कुछ आने के बाद फार्म भरकर शाम तक नौकरी की आस में बैठे रहे।

### एमबीए, इंजीनियर भी पहुंचे

प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या इतनी बढ़ गई है कि जिला प्रशासन ने कुछ निजी कंपनी में खाली पदों पर रोजगार मेले का आयोजन किया। इसमें 8-10 हजार रूपए की नौकरी तक के लिए एमबीए और इजीनियरिंग में मास्टर डिग्रीधारी बेरोजगार युवक भी पहुंच गए। यहां पहुंचे युवाओं ने बताया कि सरकार अपने विभाग के खाली पोस्ट में वैकेंसी तो निकाल नहीं रही। ऐसे में जो काम मिली उसे करने की मजबूरी है, इसलिए यहां फार्म भरने आए हैं।

### 1300 को मिला ऑफर लेटर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने लखीराम आडिटोरियम में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया था। यहां 43 नियोक्ता कंपनियों ने 6 हजार 420 पदों के लिए भर्ती करवाने में रुचि दिखाई। 5 हजार 500 आवेदकों ने फार्म लिया। 3 हजार 800 युवाओं ने आवेदन दिया जिसमें से 1300 लोगों को ऑफर लेटर दिया गया, कैंप का सफल आयोजन किया गया।

**- तन्मय खन्ना,** सहायक कलेक्टर व नोडल अधिकारी

# दो प्रदेशों में 22 चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसढ़ व मध्य प्रदेश के 22 घरों से 25 लाख की चोरी करने वाले शातिर चोर को पकड़ने में सिरगिट्टी पुलिस को सफलता मिल गई है। आरोपी ने चोरी के जेवर शहर के एक सराफा व्यापारी के पास बेचना बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पिछले दिनों तिफरा सूर्या विहार निवासी दीपक कुमार कुर्रे के घर से जेवर नकद, बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुटी हुई थी। इसी दौरान तिफरा के लोगों ने संदिग्ध रूप से घूम रहे अनूपपुर जैतहरी गोरसी निवासी रामचंद राठौर पिता भारत सिंह राठौर 27 साल को पकड़कर सिरगिट्टी पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ के दौरान रामचंद गोलमोल जवाब दे रहा था। टीआई विजय कुमार चौधरी के निर्देश पर आरक्षक केशव मार्को ने कोटा क्षेत्र में हुई चोरी के सीसीटीवी फुटेज का मिलान किया तो वही युवक निकला। कड़ाई बरतने पर वह टूट गया और सिरगिट्टी, रतनपुर, कोटा, मस्तूरी, बेलगहना, मुंगेली, लोरमी, जरहागांव, रायगढ़, सक्ती व मध्य प्रदेश में अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला सहित 22 घरों में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### थाने का घेराव मचा हंगामा

सराफा व्यापारी को थाने लाने पर हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में सराफा व्यापारी थाने पहुंच गए और व्यापारी शेखर सोनी को छोड़ने की मांग करने लगे। घण्टों हंगामा मचाने के बाद व्यापारी को बिना कार्रवाई के थाने से छोड़ दिया गया था।

### व्यापारी सिम्स में भर्ती

रात में थाना से छूटने के बाद गुरूवार को परिजन के द्वारा सराफा व्यापारी शेखर सोनी को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। परिजन ने आरोप लगाया है सिरगिट्टी पुलिस के द्वारा मारपीट करने से उनका स्वास्थ खराब हुआ है। बताया जाता है उन्हें अंदरूनी चोट लगी है व हाथ का शोल्डर उखड़ गया है। सराफा व्यापारी अधिकारियों से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### शहर के सराफा व्यापारी को बेचा जेवर

टीआई चौधरी ने बताया, पूछताछ में आरोपी रामचंद राठौर ने चोरी के जेवर गोलबाजार के सराफा व्यापारी शेखर सोनी को बेचने की जानकारी दी है। सराफा व्यापारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने चोरी के जेवर खरीदना स्वीकार किया गया है। स्वास्थ खराब होने के कारण उसे रात में थाने से छोड़कर परिजन के हवाले कर दिया गया था।

### मारपीट नहीं की गई है

आरोपी के द्वारा सराफा व्यापारी शेखर सोनी के पास चोरी के जेवर बेचना बताया गया है। पूछताछ के लिए व्यापारी को थाने में लाया गया था। स्वास्थ खराब होने की जानकारी देने पर व्यापारी को परिजन के हवाले कर दिया गया था। मामले से बचने के लिए झूठा आरोप लगाकर सिम्स में भर्ती हो गया है। उसके साथ कोई मारपीट नहीं की गई है। आरोपी के मेमोरंडम के आधार पर चोरी के जेवर बरामद कर कार्रवाई की जाएगी।

**-उमेश कश्यप** एडीशनल एसपी

### कार से बछिया को कुचला: 24 घण्टे में कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

# कलेक्टोरेट, एसपी आफिस का घेराव, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार से बछिया को कुचलकर मारने का मामला गरमा गया है। गुरुवार को बड़ी संख्या में गौ सेवा के सदस्यों ने कलेक्टोरेट व एसपी आफिस का घेराव कर आरोपी की गिरफ्तारी कर उसकी दुकान में बुलडोजर चलाने की मांग की लेकर जमकर हंगामा मचाया। पुलिस अधिकारियों की समझाइश पर हंगामा शांत हुआ। गौ सेवकों ने 24 घण्टे के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

गुरूवार को बड़ी संख्या में गौ सेवा व हिंदू संगठन के लोगों ने आरोप लगाया है कि शेख शाहिद के द्वारा कार से कुचलकर बछिया को मारा गया है। आरोपी की पहचान होने के बाद भी उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। संगठन के लोगों ने जमकर हंगामा मचाते हुए कार चालक शेख शाहिद की गिरफ्तारी व उसके दुकान में बुलडोजर चलाने की मांग की है। संगठन के लोगों के द्वारा एक घण्टे तक हंगामा मचाया गया है। पुलिस अधिकारियों के द्वारा 24 घण्टे के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया है। संगठन के लोगों ने 24 घण्टे के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर कलेक्टोरेट के सामने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

■ कार के नंबर के आधर पर पुलिस ने की आरोपी की पहचान


एसपी आफिस के बाहर घेराव करते गौ सेवक।

### पुलिस पर देर से एफआईआर दर्ज करने का आरोप

संगठन के लोगों ने आरोप लगाया है सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस ने एफआईआर लिखने में देरी की है। थाने में हंगामा मचाने के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई। उसमें भी आरोपी की पहचान होने के बाद भी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट लिखी गई है।

### गिरफ्तारी की मांग की गई

कार से बछिया को मारने के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गौ सेवा व हिंदू संगठन के लोग एसपी आफिस आए थे। आरोपी की पहचान कर ली गई है, शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**-उमेश गुप्ता** प्रशिक्षु आईपीएस सिविल लाइन सीएसपी

### क्या है मामला

मंगलवार की रात 3 बजे डिसाइपल चर्च के पास कार सवार युवकों ने पहले धीरे धीरे सड़क किनारे बैठी बछिया पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। उसके बाद युवकों ने कार पीछे कर तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हुए बछिया को कुचल दिया। हादसे में बछिया की मौत हो गई। पूरी घटना पास के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बुधवार को पुलिस ने बंगालीपारा निवासी गौसेवक शिवांश पाण्डेय कि शिकायत पर वाहन क्रमांक सीजी 10 एक्यू 3177 में सवार युवकों के खिलाफ धारा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4 एवं 10 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के कालेजों में सेमेस्टर परीक्षा आज से



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा 28 जून से शुरू हो रही है जो 2 अगस्त तक चलेगी। यह परीक्षा केवल एक पाली में होगी और यूनिवर्सिटी एवं कालेज स्तर पर सम सेमेस्टर परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा के दौरान परीक्षा हाल में प्रवेश के पूर्व छात्रों की चेकिंग की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की डिजिटल एवं अन्य सामग्री परीक्षा कक्षा में विद्यार्थी न ले जा पाए। डिजिटल निगरानी के लिए परीक्षा कक्षा में कैमरे एवं रिकार्डिंग की सुविधा भी रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी शिक्षकों को रूम में मोबाईल ले जाना वर्जित रहेगा। पूर्व में हुई वार्षिक परीक्षा एवं सेमेस्टर परीक्षा में परीक्षाओं को लेकर यूनिवर्सिटी द्वारा सख्ती बरती गई थी और नकल पर लगाम लगाई गई थी। इस परीक्षा में भी किसी प्रकार का चूक न हो और सावधानी से पूरी परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश परीक्षा नियंत्रक तरूणधर दीवान की ओर से दिए गए हैं। यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी कल से शुरू हो रही सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को समय प्रबंधन के साथ गुणवत्तायुक्त लेखन और स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर परीक्षा की तैयारी करने को कहा है, साथ में सभी परीक्षा केन्द्रों को अच्छी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए है, ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। सेमेस्टर परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे स्वयं जाकर देखेंगे और विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रों में सघन जांच के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है जिसमें संयोजक महेन्द्र कुमार एवं सदस्य प्रकाश कुमार त्रिपाठी व अजय बघेल को शामिल किया गया है।

### नगरीय निकाय महासंघ ने डिप्टी सीएम व विभागीय मंत्री को सौंपा



**बिलासपुर।** नगरीय निकायों में विभिन्न समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विभागीय मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को ज्ञापन सौंपा है। इसमें संघ ने नगरीय निकायों में 1 से 3 माह तक लंबित वेतन के लिए राशि आबंटन की मांग की है। इसके अलावा नगरीय निकायों के कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान करने, नगरीय निकाय के कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करने, एनपीएस, जीपीएफ प्रत्येक माह की 1 तारीख तक जमा करने की मांग की गई। साथ ही नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना लागू करने, लंबित अनुकंपा नियुक्ति का निराकरण शीघ्र करने, नगरीय निकायों को प्रति व्यक्ति देय चुंगीक्षति की राशि 35 रुपए की जगह 150 रुपए प्रति व्यक्त करने, निकायों में कर्मचारियों के पदोन्नति के लिए अतिरिक्त पद स्वीकृत करने तथा नगरीय निकायों में को मजबूत करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, संदीप चंद्राकर, ऋषभ ठाकुर, महितोष शर्मा, आशा जंघेल, विकास सिंह ठाकुर, मयंक बसंतवानी, सुभाष सोनकर, राजवीर दीक्षित, राजेन्द्र पात्रे, अंकुर पाण्डेय, श्रवण कुमार ठाकुर, अरुण सिंह, संजय शर्मा, संजय यणे आदि शामिल हैं।

### एनसीसी कैडेट ने यातायात की पाठशाला में सीखा ट्रैफिक नियम



**बिलासपुर।** पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर इन दिनों नए शैक्षणिक सत्र में विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में यातायात की पाठशाला का आयोजन कर यातायात पुलिस लगातार छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक कर रही है। गुरुवार को यातायात के एडिशनल एसपी नीरज चंद्राकर ने बताया कि- 7 वीं सीजी बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण में स्थानीय गतौरा बिलासपुर जेके कॉलेज में एनसीसी के लगभग 625 कैडेट का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। जहां आज यातायात के सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडे ने अपनी टीम के आरक्षक भुवनेश्वर, जावेद अली, रफीक खान के साथ यातायात की पाठशाला का आयोजन किया। बच्चों को सड़क पर चलने के नियम, यातायात संकेत, सड़क दुर्घटना के कारण निवारण और गुड सेमीरिटन के साथ-साथ नवीन मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी दी। यातायात की पाठशाला में छात्र-छात्राओं को यातायात की जागरूकता संबंधी प्रश्न भी पूछे गए। जिन प्रश्नों के सही उत्तर प्राप्त होने पर छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एनसीसीके सीईओ लेफ्टिनेंट आशीष शर्मा के साथ एनसीसी के अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

### स्वर्णकार समाज के संस्कार प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत



**बिलासपुर।** स्वजातीय स्वर्णकार समाज विकास समिति का संस्कार सोनी को छत्तीसगढ़ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उक्त समित का गठन गत दिनों किया गया था। संस्कार के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों में काफी प्रसन्नता है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए आवेदन 18 जुलाई तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। आंगनबाड़ी सहायिका के लिए वार्ड क्रमांक 40, 41 एवं 46 और कार्यकता के लिए वार्ड क्रमांक 21, 46 एवं 66 में रिक्त पदों के लिए 27 जून से 18 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित है। रिक्त पदों की जानकारी के लिए कार्यालय में नोटिस बोर्ड चस्पा कर दिया गया है।

---

**नहीं मिल रहे सिक्के**

**स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक से लेकर पंजाब नेशनल बैंक के चेस्ट में भी 10 के नए नोट नहीं**

# बैंकों से 10 रुपए के नए नोट मिलना बंद, बाजार में चल रहे पुराने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाजार में 10 रुपए के नए नोट आना बंद हैं, जो भी नोट बाजार में चल रहे हैं वे या तो पुराने हैं या सिक्के हैं। सब्जी, दूध सहित जरूरत की छोटी वस्तुओं का ज्यादातर लेन देन में इन्हीं का उपयोग होता है। 10 रुपए के सिक्के भी बड़ी मुश्किल से मिल रहे हैं। इससे परेशानी हो रही है।

बैंक अधिकारियों के मुताबिक पिछले करीब साल भर से नए नोट आना बंद है। खाताधारक जरूर इस बारे में मांग कर रहे हं लेकिन 10 रुपए के नए नोट आ ही नहीं रहे तो उपलब्ध कैसे कराएं। स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक से लेकर पंजाब नेशनल बैंक के चेस्ट में भी आरबीआई से ही नए 10 के नोट नहीं आने की बात कही गई। आरबीआई से चेस्ट ब्रांचों को 20 रुपए, 50 रुपए, 100 रुपए और 500 रुपए के नए नोट मिल रहे हैं, लेकिन दस रुपए के नोट बंद हैं। पिछले तीन सालों से कई बैंकों की ब्रांचों को नए नोट नहीं



मिले हैं। बताया जा रहा है कि आखिरी बार तीन साल पहले दिपावली के समय 10 के नए नोट आए थे इसलिए बैंकों के जरिए ग्राहकों को दस रुपए के नए नोट नहीं पहुंच रहे हैं। इस साल भी दीपावली जैसे त्योहार पर 10 के नए नोटों की किल्लत रही और लक्ष्मी पूजन पुराने नोटों से ही हो पाया। स्थिति यह है कि बाजार में जो भी लेन देन हो रहा है और पुराने नोटों से या दस रुपए के सिक्कों से हो रहा है।

#### नए नोटों की कालाबाजारी भी

शहर के कुछ दुकानदार नए नोटों का काला कारोबार पिछले लंबे समय से कर रहे हैं। विवाह और दूसरे समारोहपर यह दुकानदार अपनी मनमर्जी से 10 रुपए की गड्डी अधिक मूल्य पर देते हैं। मजबूरन लोगों को अधिक रुपए देकर नए नोटों की गड्डी खरीदनी पड़ती है। दूसरी ओर बैंकों से अगर दस रुपए के नोट की गड्डी चाहिए तो वहां पर सीधे तौर पर साफ मना कर दिया जाता है।

#### रोजमर्रा की खरीदी छोटे नोटों से होती है

दस रुपए के नोट का बाजार में ज्यादा चलन है। सब्जी, दूध, फल सहित अन्य रोजमर्रा की खरीदी छोटे नोटों से होती है। खासकर दस रुपए के नोट से। इससे यह जल्दी फट जाते हैं। दस रुपए का एक नोट बनाने में 1.01 रुपए खर्च होते हैं। ज्यादा चलन होने से अधिकतम दो साल के भीतर दस रुपए का नोट खराब हो जाता है। वहीं एक सिक्का ढालने में 5.54 रुपए खर्च होते हैं। ये खराब नहीं होते हैं। चूंकि बाजार में दस रुपए की करेंसी का ज्यादा चलन है। इससे बैंकों का पूरा फोकस दस रुपए के सिक्कों पर है ताकि इनका चलन बढ़े और दस रुपए के नोट की छपाई का खर्च बच सके।

#### नहीं हो रही है सप्लाई

पिछले काफी समय से 10 रुपए के नए नोटों की सप्लाई आरबीआई से नहीं हो रही है। दस रुपए की करेंसी छोटी है और इसका चलन 20, 50 एवं 100 रुपए के नोट से ज्यादा होता है। सब्जी खरीदना, दूध लेना हो, चाकलेट, बिस्किट सहित अन्य छोटे-छोटे सामान की खरीदी में इसका उपयोग ज्यादा होता है। इससे यह जल्दी खराब हो जाता है। वैसे इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि नोटबंदी के बाद से दस रुपए के सिक्के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं।


– **श्रीकांत गुड़ीवड़ा**, डीजीएम, स्टेट बैंक आफ इंडिया

---

**चीफ जस्टिस ने वीसी के जरिए किया आवासीय भवनों का लोकार्पण**

# सभी न्यायिक अधिकारी व कर्मचारियों को सुविधायुक्त आवास उपलब्ध हों: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





न्यायिक कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित आवास गृहों का लोकार्पण करते चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व अन्य।

छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने जिला उत्तर बस्तर कांकेर के सिंगारभाट एवं पखांजूर में न्यायिक कर्मचारियों के लिए नव निर्मित आवास गृहों का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से लोकार्पण किया। मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जितना सुन्दर व साफ सुथरा आवास गृह उनके लिए उपलब्ध कराया जा रहा है, वे उसे निवास के दौरान वैसा ही रखें।

श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य के न्यायालयों को बुनियादी ढांचा प्रदान करने की पहल की गई है, जिसके तारतम्य में यह लोकार्पण हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करें कि नवनिर्मित न्यायिक आवासीय मकानों में सभी आवश्यक सुविधाएं हों और उनका कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। मुख्य न्यायाधिपति के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में छग उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पोर्टफोलियो न्यायाधीश संजय एस अग्रवाल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव ने मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं न्यायाधीश संजय एस अग्रवाल का स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि सिंगारभाट कांकेर में न्यायिक कर्मचारियों के लिए 88 मकान बने हैं। पखांजुर में कुल 11 मकान बने हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मुख्य न्यायाधिपति ने अपने दूरदृष्टि एवं कुशल नेतृत्व से छत्तीसगढ़ के सुदूर जिला एवं तहसील का निरीक्षण कर अपनी दूरदर्शिता का परिचय कराया है। अधोसंरचना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण आधार शिला रखी है। लोकार्पण के इस अवसर पर कांकेर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, समस्त न्यायाधीश, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारी, लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी आदि मौजूद थे।

---



## वित्तीय साक्षरता से हम किसी भी धोखाधड़ी से बच पाते हैं: दुबे

**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में फिनटेक में वित्तीय साक्षरता और उद्यमशीलता के विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें तीन दिनों तक बेहतर वित्तीय योजना एवं प्रबंध सुनिश्चित करने, बैंकिंग सेवाओं, बैंकिंग उपकरणों, सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वित्तीय शोषण एवं वित्तीय धोखेबाजों से बचाव के उपाय बताए गए। प्रशिक्षण में अनुसूचित जनजाति की छात्राओं और महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। यह आयोजन डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, आईआईटी भिलाई इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन, आईआईटी भिलाई विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि वित्तीय साक्षरता से हमें बैंकिंग की सुविधाओं का ज्ञान होता है,और हम किसी बड़ी धोखाधड़ी से बच पाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं अधिक से अधिक लोगों को उसकी जानकारी दें।

■ सीवीआरयू में वित्तीय साक्षरता पर विद्यार्थियों ने लिया प्रशिक्षण

#### प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए

विश्वविद्यालय के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने कहा कि आज जितने लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जल्दी इससे अधिक पर लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त सभी विद्यार्थी एवं महिलाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर एकेडमिक अधिष्ठाता डॉ अरविंद तिवारी, रिसर्च डायरेक्टर डॉ विवेक बाजपेई सहित बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थी एवं महिलाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम समन्वयक प्रगति त्रिवेदी एवं डॉ किरण तिग्गा रही।

#### इन्होंने दिया प्रशिक्षण

इस अवसर पर डा. निकेत शुक्ला, डॉ अंशुल श्रीवास्तव, डॉ विकास कुमार तिवारी, डॉ सौरभ मिंज शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ़ इंडिया, डॉ सुप्रिया सिंह, एस जाबिर हुसैन, रवि कुमार, विमल प्रसाद प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, सुधीर देशकर व्यवसाय सुविधा प्रबंधन एसबीआई, दिनेश उरांव लीड बैंक प्रबंधक बिलासपुर क्षेत्र, मनोज त्रिपाठी जूनियर क्षेत्रीय प्रबंधक एआईएसआईसी, टी नरेंद्र दास राज्य प्रमुख राम लाइफ इंश्योरेंस रायपुर, संतोष पाठक राज्य प्रमुख वित्तीय समावेशन एआईएसएसीटी छत्तीसगढ़, डा. अंकुर शुक्ला एसोसिएट प्रोफेसर वाणिज्य और प्रबंधन विभाग, राकेश कुमार गुप्ता आदि ने प्रशिक्षण के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी दी।

---

## मनुष्यों की स्थिरता के लिए अभिनव उत्पादों की खोज



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए माइक्रोबायोलॉजी, जैव प्रौद्योगिकी और जैव सूचना विज्ञान में प्रगति पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

कुलपति अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने बताया कि माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी और बायोइन फॉर मैटिक्स में वर्तमान समय में बहुत बड़ा स्कोप है। मनुष्यों की स्थिरता के लिए बहुत सारे अभिनव उत्पादों की खोज की गई है। इसमें डॉ. जयंत केसकर, डॉ. आरती शानवरे ने शीर्षक जैव उर्वरक उत्पादन प्रौद्योगिकी को नया करने के लिए हालिया सुधारात्मक रणनीति पर अपनी बात रखी। नागपुर की डॉ. अर्पिता पारखा ने कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी एंड इट्स पर्सपेक्टिव इन रिसर्च शीर्षक दिया। बांग्लादेश की प्रो तंज़ीमा यास्मीन ने ज़ाइलेनेज और सेल्युलस उत्पादक बैक्टीरिया द्वारा रसोई अपशिष्ट और कृषि अवशेषों का बायोडिग्रेडेशन शीर्षक दिया। डॉ अभिजीत बाकरे यूएस नेशनल पोल्ट्री रिसर्च सेंटर, यूएस में अनुसंधान माइक्रोबायोलॉजिस्ट ने जैविक प्रयोगशालाओं और अनुसंधान संस्थानों में अपशिष्ट प्रबंधन शीर्षक दिया। इसी तरह डॉ. सीमा बेलोरकर सम्मेलन के लिए अभिसरण थीं। डॉ. कलाधर सम्मेलन के आयोजन सचिव थे। इस सम्मेलन में कई देशों के 140 छात्रों, विद्वानों और संकाय ने भाग लिया और शीर्षक प्रस्तुत किया। सम्मेलन में डॉ. लतिका, धर्मेंद्र कश्यप, डॉ. सुधाकर, डॉ. निक्की अग्रवाल सहित कई छात्र मौजूद थे।

■ एयू में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विज्ञान में प्रगति पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

## कर्मचारियों का मंडल रेल प्रबंधक ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** माह मई में मंडल के शहडोल,अनूपपुर, चांपा व रायगढ़ स्टेशनों के बुकिंग कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन अनारक्षित टिकट की बिक्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ योगदान के लिए मंडल प्रबंधक ने सम्मानित किया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों में हेल्प-डेस्क से टिकट चेकिंग व बुकिंग स्टाफ द्वारा यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की जानकारी दी जा रही है, जिससे यात्री इसका प्रयोग कर इस सुविधा का लाभ उठा सकें। इस कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बुकिंग स्टाफ को सम्मानित कर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। मंडल के सभी स्टेशनों के बुकिंग कार्यालय के कर्मचारियों ने यात्रियों को डिजिटल माध्यम से टिकट लेने के लाभों को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस प्रयास से यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से ऑनलाइन अनारक्षित टिकट खरीदने वाले यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई। माह मई में मंडल के शहडोल, अनूपपुर, चांपा व रायगढ़ स्टेशनों के बुकिंग कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन अनारक्षित टिकट की बिक्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ योगदान दिया गया। इसके लिए आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने उक्त चारों स्टेशनों के बुकिंग कार्यालय के कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुराग कुमार सिंह एवं अनुपम दत्ता मौजूद थे।

■ शहडोल, अनूपपुर, चांपा व रायगढ़ स्टेशनों को मिला सम्मान

---

**बिजनेस प्लस**

## रेडीमेड गारमेंट सेल में बम्पर डिस्काउंट बिक्री में उमड़ी भीड़



**बिलासपुर।** स्थानीय आनंद होटल के बाजू पुराना बस स्टैंड स्थित श्री जगन्नाथ मंगलम में आयोजित रेडीमेड गारमेंट्स सेल को शहरवासियों द्वारा बढ़िया रिस्पॉन्स मिल रहा है। कपड़ों में बम्पर डिस्काउंट होने के कारण इस सेल को लोग हाथों हाथ ले रहे हैं। सेल के संचालक ने बताया कि बड़े से बड़े ब्रांड के गारमेंट्स यहां काफी किफायती दरों पर बेचा जा रहा है।

सेल में 2500 रु तक में बिकने वाले मेंस गारमेंट्स मात्र 50 से 750 रु में और 1900 रु तक में बिकने वाले लेडिस गारमेंट्स मात्र 50 से 550 रु में एवं 1500 रु तक में बिकने वाले किड्स गारमेंट्स मात्र 100 से 390 रु में बेचा जा रहा है। इसके अलावा जेंट्स टी-शर्ट 250 रु में, केजुअल शर्ट 250 रु में, जेंट्स जीन्स मात्र 450 रु में, जेंट्स ट्राउज़र्स 450 रु में, जेंट्स कैप्री 200 रु में, वेस्टर्न टॉप 150 रु में सेल किया जा रहा है। वहीं लेडिस जीन्स 350 रु में, फोर-वे कैप्री मात्र 100 रु में और फैंसी कुर्ती व कॉटन कुर्ती मात्र 100 रु में, लेडिस लोअर, प्लाज़ो व लैगिस मात्र 150 रु में, बच्चा टी-शर्ट 100 रु में, बच्चा शर्ट 150 रु में, बच्चा जीन्स 150 रु में, बच्चा निकर 100 रु में, बेबी फ्रॉक, बेबी लॉन्ग व फ्रॉक सूट 250 रु में उपलब्ध है।

ज्ञात हो कि 1800 रु तक में बिकने वाली लेडिस वन-पीस फैंसी कुर्ती, पार्टीवेयर कुर्ती मात्र 350 से 550 रु में बेची जा रही है। यहां ओरिजिनल शर्ट 250 से 350 रु में, ब्रांडेड जीन्स 750 रु में, ब्रांडेड जेंट्स टी-शर्ट 200 से 250 रु में सेल किया जा रहा है। इसी तरह जेंट्स अंडरवियर 50 रु में, ब्रांडेड कुर्ती 200 से 350 रु में, ब्रा 100 रु में, वेस्टर्न टॉप, प्लाज़ो आदि 150 से 350 रु में उपलब्ध है। यहां किड्स वेअर की अनलिमिटेड स्टॉक है जिसकी कीमत 200 से 390 रु तक है। सेल सीमित समय के लिए है। इसका हमे शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी काफी लोग खरीददारी करने आ रहे हैं। यह सेल कम दिनों के लिए होने के कारण लोग यहां बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

---

**उप मुख्यमंत्री साव के निर्देश के बाद अभियंताओं को परिपत्र जारी**

# निविदा के बाद अब तुरंत काम होगा शुरू, पीडब्लूडी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**बिलासपुर।** लोक निर्माण विभाग के कार्यों में तेजी लाने और उन्हें समय पर पूर्ण करने राज्य शासन द्वारा निविदा को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अब सड़क और सेतु निर्माण के लिए निविदा के पहले संबंधित कार्यपालन अभियंता को प्रमाणित करना होगा कि कार्य के लिए 90 प्रतिशत बाधारहित भूमि उपलब्ध है।



भवन निर्माण के लिए पूरी जमीन व्यवधानरहित होने पर ही निविदा आमंत्रित की जा सकेगी। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विभागीय कार्यों में तेजी और कसावट लाने के निर्देश के बाद राज्य शासन ने प्रमुख अभियंता सहित सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को इस संबंध में परिपत्र जारी किया गया है। विभाग ने नए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा है। इनका पालन नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### लोक निर्माण विभाग ने जारी किया परिपत्र

लोक निर्माण विभाग द्वारा मंत्रालय से प्रमुख अभियंता से लेकर सभी कार्यपालन अभियंताओं को जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि सड़क निर्माण के लिए सड़क की प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधानरहित है। 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भूअर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया गया है। शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्रवाई 180 दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी। विभाग ने भवन निर्माण के लिए 100 प्रतिशत व्यवधानरहित भूमि उपलब्ध होने के बाद ही निविदा आमंत्रण की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

#### कार्यपालन अभियंता को प्रमाणित करना होगा

परिपत्र में कहा गया है कि सेतु कार्यों के पहुंच मार्ग के लिए 90 प्रतिशत लंबाई बाधारहित होने पर ही निविदा आमंत्रण की कार्रवाई की जाए। निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि पुल निर्माण के लिए पुल के पहुंच मार्ग के लिए प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधानरहित है। साथ ही 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भूअर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्रवाई 180 दिनों में में पूर्ण कर ली जाएगी। विशेष प्रकरणों में शासन द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 28 जून 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



2 वित्तीय साक्षरता से हम किसी भी धोखाधड़ी से बच पाते हैं: दुबे

## एग्जाम अपडेट

### प्री बीएड व प्री डीएलड की परीक्षा 30 जून को होगी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 30 जून को प्री बीएड और प्री डीएलएड की परीक्षा शहर के विभिन्न केन्द्रों में होगी, इस परीक्षाा में हजारों की संख्या परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट से प्रवेश पत्र को डाउनलोड कर सकते हैं।

बता दें कि इस बार बीएड के लिए कुल 14 हजार 400 सीटों पर प्रवेश होगा जबकि डीएलएड में 6 हजार 500 सीटें निर्धारित है। बीएड और डीएलएड की परीक्षा में डीएलएड के लिए 3 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि बीएड के लिए ढाई लाख फॉर्म छत्तीसगढ़ व्यावसायिक शिक्षा मंडल को प्राप्त हुए हैं। ऐसा पहली बार हुआ है जब बीएड से ज्यादा फार्म डीएलएड के लिए मिले हैं। इस बार डीएलएड के लिए कंपटीशन ज्यादा है जबकि डीएलएड की कुल सीट बीएड की सीट के आधे से भी कम है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती को लेकर नई नियमावली तैयार की गई है. इसमें प्राइमरी टीचर भर्ती के लिए बीएड डिग्री धारी आवेदन नहीं कर पाएंगे. इसके लिए डीएलएड मान्य होगा। पिछली कुछ भर्तियों में यह देखा गया है कि शासकीय स्कूलों में शिक्षक भर्ती में ज्यादा बीएड प्राइमरी टीचर के लिए थे इस बार जो भर्ती आ रही है इसमें सहायक शिक्षक के ज्यादा पद हैं। इसलिए डीएलएड की डिमांड बढ़ी है.बीएड और डीएलएड की बात की जाए तो इस बार दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन ज्यादा आए हैं.। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से रखना होगा। परीक्षा के दौरान मोबाईल, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। परीक्षार्थी समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचेंगे। नकल आदि को रोकने अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है, साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने पर्यवेक्षक की भी नियुक्ति की गई है। पर्याप्त मात्रा में परीक्षा केन्द्रवार पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है।

## आयोजन

### भारत -तिब्बत सहयोग मंच ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**बिलासपुर।** भारत तिब्बत सहयोग मंच द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया।

5 जून से चलाए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्थानों एवं अरपा नदी के किनारे पौधरोपण किया गया। जिसमें मंच के संस्थापक सदस्य कैलाश गुप्ता व चंद्र भूषण शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने बताया की वर्ष 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव पास हुआ। इसमें पर्यावरण की दृष्टि से कैसे स्वस्थ और स्वच्छ समाज बने इस पर चर्चा करने 5 जून 1973 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में पर्यावरण सम्मेलन हुआ। इसमें निर्णय लेने के बाद 100 से अधिक देशों में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। हमारी सनातन परंपरा में भी यह संस्कार है कि पर्यावरण की रक्षा व प्रकृति चिंतन हो। इस कार्यक्रम में मंच के प्रदेश महामंत्री, शुभम शेन्डे, जिला अध्यक्ष राजा मिश्रा, विवेक यादव, आर के अग्रवाल हीरालाल अग्रवाल ,जितेंद्र यादव, दीपक मिश्रा, योगेश आदि का सहयोग रहा।

## शिविर

### लंबी आयु का भाग्य प्राप्त होता है योगबल से : बीके मंजू





**सतगुरु वार का भोग कराया गया परमात्मा को स्वीकार**

बिलासपुर। प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में गुरुवार को सतगुरु वार का भोग परमात्मा को स्वीकार कराया गया। सेंटर प्रभारी मंजू दीदी ने ज्ञान वाणी सुनाते हुए कहा कि सतयुग में अकाल मृत्यु नहीं होती थी। स्वयं को अजर अमर अविनाशी आत्मा समझने के कारण आयु भी लंबी होती है। देवताएं समय आने पर स्वयं खुशी-खुशी दूसरा शरीर धारण करते हैं। ऐसी दुनिया में जन्म लेने के लिए इस संगम युग में ही पुरुषार्थ कर सोलह कला संपूर्ण बनना है। उन्होंने कहा कि अहंकार वश की गई सेवा प्रतिकूल परिस्थिति में अलबेले बन जाने के कारण परमात्मा से दूर कर देती है। जगदम्बा सरस्वती त्याग तपस्या की मूर्ति थी। उनका आचरण हमें हर समय श्रेष्ठ कर्म करने का मार्ग दिखाता है। उनको फालों करना ही सहज पुरुषार्थ है। अंत में सभी को भोग वितरण किया गया।

एनई इंस्टीट्यूट ऑडिटोरियम में आज से शुरू हो रहा दो दिवसीय आयोजन

# महोत्सवः शास्त्रीय संगीत, नृत्य की समृद्ध परंपरा को रहेगा समर्पित

साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्था श्रीसांईनाथ व नृत्य धारा फाउंडेशन एवं एनई रेलवे इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में शहर के बुधवारी बाजार स्थित एनई इंस्टीट्यूट ऑडिटोरियम में शुक्रवार 28 जून से दो दिवसीय संगीत, नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत व नृत्य की समृद्ध परंपरा को समर्पित रहेगा।



**बिलासपुर।** कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न विधाओं ओडिशी, कथक व कुचीपुड़ी, बांसुरी वादन, संतूर वादन व शास्त्रीय-उपशास्त्रीय गायन की रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजक युवा संस्कृति कर्मी आशीष राज सिंघानिया एवं नृत्य धारा फाउंडेशन की संस्थापिका अंतरराष्ट्रीय ओडिशी साधिका आंचल पांडेय ने बताया कि यह कार्यक्रम शहर में पहली बार आयोजित हो रहा है। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों द्वारा पारंपरिक वेश में मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। ज्ञात हो कि प्रसिद्ध ओडिसी गुरु डॉ. गजेन्द्र पंडा की नृत्य यात्रा के पचास वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण समारोह भी मनाया जाएगा।

### ये हैं प्रतिभागी कलाकार

विशेष प्रस्तुति के लिए आने वाले कलाकारों में कोलकाता के नृत्य साधकद्वय अरुणिमा सेनगुप्ता, राजीव घोष, ओडिसी नृत्य हेतु बेंगलुरु से जी. नागेश्वरी, बांसुरी वादन हेतु मुंबई से एस. आकाश, संतूर वादन हेतु पुणे से निनाद दईथणकर, कुचिपुड़ी हेतु भिलाई से शर्मिष्ठा घोष, कथक हेतु रायपुर से डॉ. अनुराधा दुबे, रायपुर से डॉ. आरती सिंह, समूह सहित स्वर्ण समारोह अंतर्गत ओडिसी नृत्य की विशेष प्रस्तुति हेतु भुवनेश्वर से प्रभुतोष पंडा, मोक्षदा त्रिपाठी, ऋतिका बैनर्जी, प्रियांशा साहू व विधि सेन गुप्ता आदि शामिल रहेंगे।

## अग्रज नाट्य दल करेगा चरणदास चोर का मंचन



*अग्रज नाट्य दल द्वारा बिलासपुर में योगेश स्मृति तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कलाकारों द्वारा तीन नाटकों का मंचन किया जाएगा। शहर के सिम्स ऑडिटोरियम में 30 जून से 2 जुलाई तक आयोजित इस समारोह का शहरवासी तीन दिनों तक आनंद उठा सकेंगे। बीते 19 मई से सरकण्डा के प्रियदर्शिनी कला मंदिर में अग्रज नाट्य दल द्वारा 40 दिवसीय नाट्य कार्यशाला चल रही है। अभिनय के क्षेत्र में रूचि रखने वाले दर्जनों युवा एक महीने से भी ज़्यादा समय से इस कार्यशाला में मंचीय प्रस्तुतियों की बारीकियां सीख रहे हैं। वहीं कलाकारों ने तीन नाटक तैयार किए हैं। रंग कर्मी सुनील चिपड़े के निर्देशन में हबीब तनवीर के लिखे नाटक 'चरणदास चोर' और सुमेधा अग्रश्री द्वारा लिखे नाटक 'कृष्णा' की प्रस्तुति तैयार की गई है। इसके अलावा सुमेधा अग्रश्री के ही एक अन्य नाटक 'फीनिक्स-बा के बापू' का भी मंचन किया जाएगा। इस नाट्य समारोह का आयोजन शहर के जाने-माने रंगकर्मी एवं शिक्षक योगेश पाण्डेय की स्मृति में किया जा रहा है। नाट्य समारोह में प्रवेश निःशुल्क है।*

'योगेश स्मृति नाट्य समारोह' 30 से सिम्स ऑडिटोरियम में



# महतारी वंदन, नवा बिहान व प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के पूछे सवाल

### सीजी पीएससी मेंस

*बिलासपुर। पिछले चार दिनों से चल रही छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा गुरूवार को समाप्त हो गई। आखिरी दिन पहली पाली में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। प्रश्नपत्र में छत्तीसगढ और देश में चल रही योजना सबंधी अधिक प्रश्न पूछे गए। परीक्षार्थियों से महतारी वंदन योजना, नवा बिहान योजना, प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना सहित पर्यावरण व राष्ट्रीय शिक्षा नीति, खेलो इंडिया खेलो के संबंध में प्रश्न पूछे गए। परीक्षा हाल से निकलने के बाद प्रतियोगी खुश दिखे। पीएससी मुख्य परीक्षा के लिए 1864 प्रतियोगी पंजीकृत हैं। मुख्य परीक्षा में वर्णनात्मक प्रश्नों वाले सात पेपर होते हैं, प्रत्येक पेपर 200 अंकों का होता है और उम्मीदवारों को एक पेपर पूरा करने के लिए तीन घंटे का समय दिया जाता है। मुख्य परीक्षा को भाषा, निबंध और पांच सामान्य अध्ययन पेपर में विभाजित किया गया है। साक्षात्कार 100 अंकों का होता है।*



### इंटरव्यू रहेगा निर्णायक

सीजीपीएससी की मुख्य परीक्षा सामप्त हो जाने के बाद अभ्यर्थियों को इसके परिणामों का इंतजार रहेगा, जो भी इसमें क्वालीफाई करेगा वह इंटरव्यू के लिए पात्र हो जाएगा। इंटरव्यू में जिनका भी अच्छा अंक आएगा,उनका चयन सीधा सीजीपीएससी में हो जाएगा।

### केन्द्रों का किया निरीक्षण

परीक्षा के दौरान पीएससी सदस्य सरिता उइके ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें सारी व्यवस्थाएं दुरूस्त मिलीं। किसी भी केंद्र में अव्यवस्था या नकल का प्रकरण नहीं दर्ज हुआ। परीक्षा में प्रवेश के पूर्व परीक्षार्थीयों का जांच कर प्रवेश दिया गया।

### 122 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

सीजीपीएससी की मुख्य परीक्षा के अंतिम दिन पांच केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 1864 में 1742 परीक्षार्थी शामिल हुए। 122 अभ्यर्थी परीक्षा में मौजूद नहीं थे। इस तरह मुख्य परीक्षा खत्म हो गई।

छत्तीसगढ़ का है पहला बिलासपुर न्याय मित्र, जिम्मेदारी का कर रहें बखूबी निर्वहन

# टूटे परिवारों को जोड़ने का प्रयास कर रहे न्याय मित्र

**कार्नर न्यूज**

न्यायधानी बिलासपुर में कुटुंब न्यायालय के तात्कालीन प्रधान न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद ने न्याय मित्र बनाया है। इसमें युवा अधिवक्ताओं को शामिल किया गया है। जिनके द्वारा टूटे परिवार को जोड़ने एवं उनका घर बसाने भरसक प्रयास किए जाते हैं और न्याय मित्र अपने इस काम में सफल भी हैं।

**बिलासपुर।** वरिष्ठ न्याय मित्र एवं अधिवक्ता प्रशांत गनोरकर ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में बिलासपुर का यह पहला न्याय मित्र है। इसका गठन हुए दो साल हुआ है। इस दो साल के अंतराल में कई केसेस आए और उन परिवारों को समझाइश देकर जोड़ने का प्रयास किए। कई परिवारों को टूटने से बचाने में सफल भी रहे और आज वे अपनी सफल जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई प्रमुख मुद्दों व जनहित से जुड़े मामलों के समुचित निराकरण के लिए वे अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकरण में नियत स्थान में जाकर वास्तविक स्थिति का आंकलन कर अपनी रिपोर्ट तैयार करते हैं। फिर उसे अदालत में पेश किया जाता है। इन न्याय मित्रों की तत्परता व सहयोग से जनहितकारी मामलों में न्यायदान की गति तेज भी हुई है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकरण में कोई दबाव नहीं बनाया जाता है। आपसी सहमति से ही तलाक, स्त्री धन वापस, केश सेटलमेंट कराया जाता है।

### ये हैं न्याय मित्र

न्यायमित्रों में प्रशांत गनोरकर सहित कलीम कुरैशी, मीनाक्षी राठौर, निलम सिंह, कविता आर्य, दुर्गेश्वरी, श्रद्धा तिवारी, मौसमी जांगड़े, शिवानी शेंडे, मधुकर कश्यप, आदर्श गुप्ता सहित अन्य न्याय मित्र शामिल है। ये सभी न्याय मित्र अपनी जिम्मेदारियों की बखूबी निर्वहन कर रहे हैं।




### किलकारी में मिलवाते हैं बच्चों से

न्याय मित्र श्री गनोरकर ने बताया कि न्यायालय में कई तरह के प्रकरण आते हैं। इसमें कुछ प्रकरण ऐसे होते हैं जिसमें पति-पत्नी के बीच बच्चों से मिलने को लेकर भी विवाद रहता है। ऐसे प्रकरणों में कोर्ट से ऑर्डर कराकर कुटुंब न्यायालय परिसर स्थित किलकारी में हर माह के प्रथम व चौथे शनिवार को बच्चों व पैरेंट्स को बुलवा कर मिलवाया जाता है। इससे दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होने से बच जाती है।

### 13 जुलाई को है लोक अदालत

अगले माह के 13 जुलाई को लोक अदालत लगाई जा रही है। यह लोक अदालत हर दो माह में लगाई जाती है। जिसमें हर बार डेढ़-दो सौ प्रकरण निपटाते हैं। यह प्रकरण दाम्पत्य पुर्नस्थापना, भरण पोषण, पारिवारिक समस्याओं सहित अन्य प्रकरणों पर आधारित रहता है। माता-पिता को पुत्रों से भरण-पोषण दिलवाया जाता है। इन सब में न्याय मित्रों की अहम भूमिका होती है।



# 'गेम चेंजर' की 10 दिन की शूटिंग बाकी...

**मुंबई।** राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' की रिलीज की तारीख से अभी तक परदा नहीं उठ पाया है। इस फिल्म पर तीन साल से काम चल रहा है, लेकिन अभी तक शूटिंग पूरी नहीं हो पाई। इस वजह से राम चरण के फैंस इसका इंतजार करते-करते थक से गए हैं। इसी बीच, अब फिल्म के निर्देशक की ओर से एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है। एक साक्षात्कार में 'गेम चेंजर' का निर्देशन कर रहे शंकर ने बताया कि फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अब 10 दिन की शूटिंग और बची है। शंकर इन दिनों अपनी एक और फिल्म 'इंडियन 2' के प्रचार में व्यस्त में हैं।

लाइफStyle

# सोनाक्षी

## शादी से पहले ही जहीर को मान चुकी थीं पति

सोनाक्षी सिन्हा अपनी शादी के बाद से ही सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। सोशल मीडिया पर उनकी शादी की फोटो और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस बीच सोनाक्षी का 2 साल पुरानी एक पोस्ट भी वायरल हो रही है।

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी, जहीर इकबाल को 2 साल पहले ही अपना पति मान चुकी थीं। दोनों ने दो साल पहले ही सगाई कर ली थी। फिलहाल, इस पर साफ तौर पर कोई पुष्टि नहीं हो हुई है कि सोनाक्षी और जहीर की सगाई दो साल पहले हुई थी या नहीं। लेकिन इस समय दोनों अपनी शादी को लेकर ट्रोल किए जा रहे हैं। लोग उनकी शादी को लव जिहाद बताकर उन्हें धमकी दे रहे हैं। कुछ तो इसे हिंदू धर्म का अपमान बता रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने दो साल पहले ही सगाई कर ली थी, ऐसा ये बात हम नहीं कह रहे हैं, ऐसा सोशल मीडिया पर वायरल हो रही सोनाक्षी की पोस्ट पर यूजर्स कह रहे हैं। दरअसल, रेडिट पर एक यूजर ने सोनाक्षी की 2 साल पहले की एक पोस्ट शेयर की थी। इस पोस्ट में एक्ट्रेस अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। ये अगूंठी एक्ट्रेस ने शादी के समय भी पहन रखी थी। एक्ट्रेस की इसी पोस्ट पर यूजर दावा कर रहे हैं कि सोनाक्षी और जहीर दो साल पहले ही सगाई कर चुके थे। रेडिट यूजर ने सोनाक्षी की एक पोस्ट शेयर की जो खुद एक्ट्रेस ने 2 साल पहले डाली थी। 8 मई, 2022 को शेयर की गई, इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था, 'मेरे लिए बहुत बड़ा दिन! यकीन नहीं हो रहा मेरा सपना सच हो रहा है।




## टीवी मसाला



# केबीसी 16 के नए प्रोमो के साथ टीवी पर लौटे बिग बी

**नई दिल्ली।** चर्चित क्विज शो केबीसी के जरिए बिग बी एक बार फिर छोटे पर्दे पर लौट रहे हैं। इस शो का 16वां सीजन आ रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 16 का नया प्रोमो जारी हो गया है और इसमें बिग बी एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते दिख रहे हैं, 'जिंदगी है, हर मोड़ पर सवाल पूछेगी, जवाब तो देना होगा!' इस शो में अमिताभ बच्चन प्रतिभागियों से सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछते नजर आते हैं। सवाल पूछने के साथ-साथ वे अपनी जिंदगी से जुड़े तमाम रोचक किस्से भी सुनाते हैं। यह पारिवारिक शो दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चला है और हर सीजन का बेसब्री से इंतजार रहता है। शो के नए सीजन को लेकर भी यही उत्सुकता है। अब शो का प्रोमो आ गया है। दिलचस्प बात यह है कि प्रोमो एक या दो नहीं, बल्कि तीन आए हैं। सोनी की तरफ से जारी किए गए तीनों प्रोमो में दिखाया गया है कि आप जीवन की किसी भी स्थिति में हों, कुछ भी फैसला करें, समाज आपसे सवाल करेगा और आपको जवाब देना होगा। अमिताभ बच्चन भी तीनों प्रोमों के आखिर में यही टैगलाइन बोलते दिख रहे हैं।

## राखी ने की उर्फी की खिंचाई
### कहा- जब अनुभव नहीं है तो मत बोलो



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' के अरमान मलिक और कृतिका मलिक और पायल मलिक के साथ उनके एक से ज्यादा शादी की हर तरफ चर्चा हो रही है। एक तरफ जहां मनोरंजन जगत से ऐसे लोग हैं, जिन्होंने इस कदम के लिए अरमान की आलोचना की है। वहीं कुछ दिन पहले, उर्फी यूट्यूबर के समर्थन में सामने आईं और कहा कि अरमान और उनका परिवार उन सबसे अच्छे लोगों में से हैं, जिन्हें उन्होंने जाना है और बहुविवाह अभी भी मौजूद है। अगर वे तीनों एक साथ खुश हैं, तो उन्हें अपने इस फैसले पर रहने दिया जाना चाहिए। उर्फी के इस बयान की राखी सावंत ने खूब आलोचना की है। उन्होंने कहा कि चूंकि वह शादीशुदा नहीं हैं, इसलिए उन्हें इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। राखी ने यह भी कहा कि अरमान की पहली पत्नी पायल बिल्कुल भी खुश नहीं है। हालांकि, वह ऐसा दिखावा करती है, क्योंकि समाज में महिलाओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने साथी की हर बात का समर्थन करें। राखी ने कहा,, 'उर्फी जावेद, तू बहन है मेरी। तू क्या कुछ भी कमेंट करती है।


## दर्शकों के दिलो-दिमाग में बस गई हैं कई भूमिकाएं

# 'कल्कि 2898 एडी' ही नहीं, इन फिल्मों में भी कमाल कर चुके हैं कमल हासन

*मुंबई। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' गुरुवार को रिलीज हो गई है। इसमें प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण के अलावा कमल हासन भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म में कमल हासन विलेन सुप्रीम यास्किन के रोल में हैं। कमल हासन का सिनेमा की दुनिया में अलग कद है। यूं तो वे साउथ सिनेमा से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन बॉलीवुड में भी उन्होंने अपने अभिनय का कमाल दिखाया है। हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी उनके प्रशंसकों की कमी नहीं है। उनके अभिनय का कमाल है कि कई भूमिकाएं दर्शकों के दिलो-दिमाग में बस गई हैं।*

### एक दूजे के लिए ( 1981)

'एक दूजे के लिए' कमल हासन की बॉलीवुड में डेब्यू फिल्म थी। इसमें उनके अपोजिट रति अग्निहोत्री नजर आईं। फिल्म 'ब्लॉकबस्टर' साबित हुई थी, जिसने कमल हसन को हिंदी पट्टी में रातों-रात सुपरस्टार बना दिया था। इसकी कहानी एक साउथ इंडियन आदमी पर आधारित है, जिसे एक नॉर्थ इंडियन लड़की से प्यार हो जाता है। इस फिल्म में कमल हासन धाराप्रवाह हिंदी बोलते नजर आए।





### सदमा (1983)

फिल्म 'सदमा', तमिल फिल्म 'मूंद्रम पिराई' का हिंदी वर्जन थी। इसमें कमल हासन और श्रीदेवी लीड रोल में नजर आए। इसकी मूल फिल्म में बेहतरीन एक्टिंग के लिए हासन को 'नेशनल अवार्ड' मिला था। इसमें एक आदमी और मेंटली चैलेंज लड़की के बीच रोमांस दिखाया गया है। इसमें एक आदमी एक लड़की को वेश्यालय से बाहर लाता है। ब्रेन इंजरी के चलते याददाश्त गुम हो जाने के चलते वह एक 6 साल की लड़की की तरह व्यवहार करने लगती है।

### अप्पू राजा (1989)



इस फिल्म में कमल हासन ने 'अप्पू' का किरदार निभाया। फिल्म की कहानी में एक सच्चे पुलिस अफसर (कमल हासन) को एक क्रिमिनल के गैंग को टारगेट करने की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। वह उस पुलिस अफसर को मार देते हैं और उसकी पत्नी को जहर दे देते हैं। वह दो जुड़वा लड़कों को जन्म देती है, जो बचपन में बिछड़ जाते हैं। दो भाई में से एक 'अप्पू' (कमल हासन) सर्कस का जोकर बन जाता है और दूसरा 'राजा' (कमल) एक मैकेनिक है। बाद में अप्पू को अपने पिता की हत्या के बारे में पता चलता है और वो उन हत्यारों से बदला लेने का प्लान बनाता है।

### सागर (1985)



साल 1985 में आई ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया और कमल हासन अभिनीत यह एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है, जो सुपरहिट रही। इसके लिए कमल हासन को 'बेस्ट एक्टर' का 'फिल्मफेयर अवॉर्ड' भी मिला था। फिल्म में एक मछुआरा 'राजा' एक लड़की 'मोना' से गुपचुप तरीके से प्यार में होता है। जब एक अमीर आदमी रवि अपनी दादी कमलादेवी के साथ रहने के लिए आता है, तो वह मोना को देखता है और उसे उससे प्यार हो जाता है। मोना के मन में भी भावनाएं उमड़ आती हैं। राजा को ये पता चलने के बाद उसका दिल टूट जाता है, लेकिन जब कमलादेवी को इस बारे में पता चलता है, तो वह मोना पर रवि को छोड़ने का दबाव डालने लगती हैं। 'सागर' को भारत की तरफ से 1985 में 'बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म' कैटिगरी में ऑस्कर के लिए भेजा गया था।

## एक्शन-एडवेंचर 'रेड वन' का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित एक्शन-एडवेंचर 'रेड वन' का ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में ड्वेन जॉनसन और क्रिस इवांस मुख्य भूमिका में हैं। 'जुमांजी रीबूट' के निर्देशक जेक कासदन ने फिल्म का निर्देशन किया है। क्रिस मॉर्गन ने हीराम गार्सिया की कहानी पर आधारित फिल्म की पटकथा लिखी है।

# शाहरुख की फिल्म से किया डेब्यू फिर 1 झटके में छोड़ दिया बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करना हर किसी का सपना होता है, चाहे वो एक्टर हो या फिर एक्ट्रेस। लेकिन एक ऐसी एक्ट्रेस है, जिन्होंने शाहरुख खान की फिल्म से डेब्यू कर बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। इसके बाद एक्ट्रेस ने अमीर बिजनेस से शादी रचाकर अपना घर बसा लिया। बहुत कम ऐसा होता कि किसी को शाहरुख खान की फिल्म से डेब्यू करने का मौका मिले। लेकिन जो किंग खान के साथ कोई फिल्म कर लेता है, तो उसकी किस्मत चमक उठती है। दीपिका पादुकोण और अनुष्का शर्मा जैसी एक्ट्रेसेस ने शाहरुख की फिल्मों से डेब्यू किया और फिर सिनेमा की दुनिया में छा गईं। आज हम आपको एक्ट्रेस के बारे में बताते हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की फिल्म में करने के बाद बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया।

## अमीर बिजनेसमैन से शादी कर बसा लिया घर



गायत्री जोशी ने 2004 में रिलिज हुई 'स्वदेस' फिल्म एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसमें वह शाहरुख खान के अपोजिट नजर आई थीं। वैसे फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई थी, लेकिन क्रिटिक्स से खूब तारीफ मिली थी। कई क्रिटिक्स ने 'स्वदेस' को शाहरुख खान के करियर की बेस्ट फिल्म बताया और साथ उनकी एक्टिंग की तारीफ में कसीदे भी पढ़े। फिल्म में गायत्री की अदाकारी की भी प्रशंसा हुई, लेकिन उनका करियर बहुत छोटा साबित हुआ। फिल्म की रिलीज के तुरंत बाद उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया था। गायत्री जोशी ने महज 27 साल की उम्र में सिनेमा की दुनिया से रिटायरमेंट ले लिया था। इसके पीछे की वजह बताई जाती है कि वह अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ पर फोकस करना चाहती थी। साल 2005 में उन्होंने अमीर बिजनेसमैन विकास ओबेरॉय के शादी रचाई और फिर कभी एक्टिंग की तरफ मुड़कर नहीं देखा। गायत्री जोशी के पति विकास ओबेरॉय एक अरबपति बिजनेसमैन हैं, जो एक समय में भारत के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक थे।

## 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का भयानक लुक

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा में हैं। पहले ये फिल्म 31 मई को रिलीज होने वाली थी। अब क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को रिलीज होगी। वरुण धवन के फैंस भी उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वरुण धवन हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में उन्होंने हाथ में चाकू पकड़ा हुआ है। उनके चेहरे पर गुस्सा साफ नजर आ रहा है और वह हथियार लिए कई लोगों से घिरे हुए हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'इस साल क्रिसमस और भी मजेदार होने वाला है। 25 दिसंबर को 'बेबी जॉन' की रिलीज के लिए तैयार हो जाइए।'




**न्यायालय नायब तहसीलदार कोटा जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/2023-24
ग्राम - करगीखुर्द
क्रमांक / / वा./तह. / 2024
कोटा, दिनांक 26/06/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम करगीखुर्द प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. करगीकलां तहसील कोटा जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनाथ पिता सियाराम निवासी करगीखुर्द तहसील कोटा जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा श्रीमान अपर आयुक्त बिलासपुर छ.ग. के प्रकरण क्रमांक 78/अ-6/2021-22 पारित आदेश दिनांक 05/12/2023 के पारित आदेश के परिपालन हेतु अनावेदक दुवसिया बाई का नाम विलोपित कर रिकार्ड दुरूस्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 05/07/2024 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
कोटा

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**

क्रमांक / / वा./ ना. तह./2024
सकरी दिनांक ................

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है न्यायालय भाडा नियंत्रण अधिकारी बिलासपुर छ.ग. को बेदखली आदेश क्रमांक 26/वाचक/भ.नि.प्रा./2024 बिलासपुर दिनांक 06.03.2024 के परिपालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.न. 7/3 का तुकडा क्षेत्रफल 60X50=3000 वर्गफुट प्लॉट न. 5 और 6 स्थित है। जिसमें किरायेदार खोजेश्वर उर्फ विवेक लहरे पिता गुलाब दास लहरे को कब्जा छोडने हेतु आदेशित किया गया है । वाद भूमि पर आपके द्वारा अनाधिकृत रूप से निजी भूमि पर कब्जा किया गया है। अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपना अवैध कब्जा स्वयं हटा ले एवं इस न्यायालय में दिनांक 15.07.2024 को प्रात: 10:00 बजें उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अवैध कब्जा नही हटाने की स्थिति में आपके विरूद्ध दण्डानात्मक कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 27.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा ग्राम मोपका पटवारी हल्का नंबर 29 खसरा नंबर 944 /104 944 /105 कुल रकबा 4360 वर्गफुट भूमि जो की समस्त राजस्व अभिलेखों में भूमि स्वामी धर्मेंद्र कुमार वैष्णव पिता नर्मदा प्रसाद वैष्णव वार्ड नंबर 52 बसोड मोहल्ला श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ आधार नंबर 4321 7715 8174 के नाम पर दर्ज है जिसे खरीदने का पक्का सौदा मेरे द्वारा दिनांक 3 /6 /24 को किया गया है पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति ,बैंक, संस्था, शासकीय /अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो सूचना प्रशासन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा समय अवधि के बाद यदि किसी भी प्रकार की कोई आपति की जाती है तो वह आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय
श्रीमती प्रभा जांगड़े
पति गोकुल प्रसाद जांगड़े
निवासी भारतीय नगर
शीला टावर के पास
मोबाइल- 9827983032

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार राजेश अग्रवाल निवासी जरहाभाठा बिलासपुर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित करा रहा हुं कि, मेरे पक्षकार राजेश अग्रवाल एवं मनीष मोटवानी उम्र 43 वर्ष पिता श्री प्रभाकर मोटवानी निवासी कुम्हारपारा, एकता कालोनी कुम्हारपारा बिलासपुर छ.ग. से व्यवसायी लेन-देन था, उपरोक्त लेन-देन में विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर मनीष मोटवानी एवं अन्य के द्वारा थाना सिविल लाईन में दवाबपूर्वक बैठाकर दिनांक 01.05.2024 एवं 20.05.2024 को दो पृथक-पृथक अनुबंध का निष्पादन कराया है तथा उक्त अनुबंध के साथ ही मेरे पक्षकार से भारतीय स्टेट बैंक शाखा इन्दु चौक बिलासपुर का चेक क्रमांक 057953 एवं 057954 दोनों किमती 10,00000/- (दस लाख) रू. तथा 057955 एवं 057956 दोनों किमती 5,00000/- रू. का जिसमें नाम एवं शब्दो में राशि का उल्लेख नहीं किया गया है, को बतौर सुरक्षात्मक रखा गया है। वर्तमान में मनीष मोटवानी द्वारा मेरे पक्षकार के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कराने के नियत से तथा अत्याधिक राशि वसूलने के नियत से अनेको प्रयास किये जा रहे है तथा धमकी भी दी जा रही है कि उक्त चेक का उपयोग अन्य लोगो से कराकर राशि की वसूली की जायेगी।

अत: इस आम सूचना पत्र के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि मनीष मोटवानी द्वारा मेरे पक्षकार से प्राप्त चेक क्रमांक 057953, 057954, 057955, 057956 के आधार पर किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करे। मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त चेक किसी भी अन्य व्यक्ति को जारी नही किया गया है, इसलिए किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर यदि चेक का उपयोग होता है, तो वह स्वयं कुटरचना, छल एवं अन्य दाण्डिक अपराध के लिये दोषी होगा तथा उक्त चेक के संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा उचित वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।
अत: सूचना जाने

शूभेच्छु
निमेष शुक्ला अधिवक्ता
कार्यालय - 302, प्रिया एलेन हाईट्स
रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9329827061, 7987685145

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**/ / ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 117 बी-121/2023-24
ग्राम- झिरवन प.ह.न....
तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् सर्व साधारण ग्राम झिरवन के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक थनवार दास आ. श्यामदास जाति सतनामी निवासी ग्राम झिरवन तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि अपने पुत्र आकाश कुमार आ. थनवार दास के ग्राम झिरवन में दिनांक 27.12.2008 को जन्म होने के संबंध में आवेदन पेश किया गया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 17.07.2024 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जायेगा ।

आज दिनांक 09.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लोरमी जिला, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00047 बिरकोना मन. 3 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202324400111300025

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00047 के अंतर्गत ग्राम बिरकोना मन.3 के वर्तमान भूमिस्वामी पवनकुमार पिता बनवारीलाल अग्रवाल पिता/पति- पता-सरकंडा, बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 42/1 (0.4010) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पूजा तिवारी पिता/पति-सुशील तिवारी पता-पुराना सरकंडा बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/06/2024 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ. ग.**
**सूचना**

क्र.....सीमांकन / नि./2024
दिनांक 18.6.2024

आवेदक-सियाराम कौशिक
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
1 कमल श्राफ, 2 राजू केडिया, 3 नटवर लाल
4 अन्य सर्व सम्बंधित
विषय:- सीमाकन में उपस्थिति बाबत
सन्दर्भ:- न्यायलय तहसीलदार /अति. तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र आ. दि. 21.2.2023

आवेदक सियाराम कौशिक पि./प. रामफल कौशिक निवासी परसदा के द्वारा ग्राम परसदा प.ह.नं. 49 रा. नि. मंडल सिरगिट्टी तह व जिला बिलासपुर स्थिति भूमि खसरा नं. कुल 9 रकबा कुल 0.96 ए ए.हे. के सीमांकन हेतु आवेदन न्याय तहसीलदार / अति. तहसीलदार / ना. तहसीलदार के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

सदर्भित न्यायलयीन आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 02.07.2024 को समय 10 से 5 बजे किया जायगा ।

आप भूमि से सम्बंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होवे। अनुपस्थित के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे एवं बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायगा।

टीप:- अपरिहार्य कारणों से सीमांकन की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक-सिरगिट्टी
तहसील व जिला-बिलासुपर

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ग्राम अमेरी तह. सकरी
जिला- बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमितेष गोस्वामी पिता सी.एच. गोस्वमी निवासी ग्राम अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम अमेरी तहसील सकरी स्थित भूमि ख.न 346/1 रकबा 0.9690 हेक्ट भूमि का क्रय के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। भुईया आइडी से राजस्व न्यायालय में दर्ज किया गया है रा.प्र.क्र. 202406076700030 है । प्रकरण के निराकरण हेतु ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 16/07/24 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार सकरी

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// आम सूचना //**

ग्राम अमेरी तह. सकरी
जिला- बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमितेष गोस्वामी पिता सी.एच. गोस्वमी निवासी ग्राम अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम अमेरी तहसील सकरी स्थित भूमि ख.न 346/1 रकबा 0.9690 हेक्ट भूमि का क्रय के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। भुईया आइडी से राजस्व न्यायालय में दर्ज किया गया है रा.प्र.क्र. 2024060 76700030 है। विक्रेता आवासहीन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. अमेरी बिलासपुर (छ.ग.) श्री ए.आर. ब्राउन पति श्री उब्लू ब्राउन निवासी जरहाभाठा बिलासपुर एवं गवाह श्री अनिकेत गोस्वामी पिता सी.एच गोस्वामी, अनिमेष गोस्वामी पिता सी.एच. गोस्वामी को साक्ष्य हेतु ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 16/07/24 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार सकरी

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी-867 मूल आबंटी श्रीमती ममता भटनागर पति श्री नवल किशोर भटनागर के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 08.02.2008 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 03.11.2022 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री हेमन कुमार श्रीवास पिता श्री रामानंद श्रीवास के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था / बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा सामान्य आवास योजना अंतर्गत नेहरू नगर बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक सिनीयर एम.आई.जी -02 मूल आबंटी श्री मोहम्मद नफीस पिता स्व. हाजी अब्दुल गफ्फार को आबंटित है। मूल आबंटी श्री मोहम्मद नफीस, की दिनांक 20.01.2024 को मृत्यु हो गई है। मूल आबंटी की पुत्र मोहम्मद नवेद पिता स्व. मोहम्मद नफीस , द्वारा उक्त भवन को नामांतरण किये जाने हेतु पंजीकृत वसीयतनामा एवं शपथ पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल द्वारा नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)

27-JUN-REGNOL-pg-5_Layout 1 6/27/2024 11:57 PM Page 1



## शाला प्रवेश उत्सव

### पूर्व माध्यमिक शाला पौसरी



**बोदरी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पौसरी में शाला प्रवेशोत्सव बड़े उत्साह से मनाया गया। प्रधानपाठक डा चन्द्रशेखर यादव व शाला परिवार के सदस्यों ने बच्चों को गुलाल लगाकर, गणवेश एवं पुस्तकें बाटीं। इस अवसर पर शिक्षिका रागनी वाल्टर, पद्मजा पाण्डेय, ममता कुजूर, महिला स्व सहायता समूह की रानी चक्रवर्ती, सावित्री, जानकी, गोमती, रूखमणी, रामेश्वरी वृहस्पति, श्यामा, ललिता, राम्हिन, शयामकुवर, इंद्राणी यादव, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। वरिष्ठ शिक्षक लक्ष्मीचन्द श्याम ने आभार प्रकट किया।

### प्राथमिक शाला कुटेलीपारा



**जरहागांव।** शासकीय प्राथमिक शाला कुटेलीपारा में शाला प्रदेश उत्सव मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व सरपंच तथा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामचंद्र साहू रहे। कार्यक्रम में शिक्षक ज्योतिष मिश्रा, श्री साहू, पालक मन्नू निर्मलकर, भोला निर्मलकर, बल्लू कश्यप उपस्थित थे।

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार



**मल्हार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों के साथ ही पुराने विद्यार्थियों का भी तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नपं अध्यक्ष अनिल कैवर्त ने कहा कि विद्यार्थियों को पूरे मनोयोग के साथ पढ़ाई में ध्यान देना होगा। इस अवसर पर सीएमओ किरण पटेल, सीताराम मरावी, अजित राजभानु, प्रभारी प्राचार्य रश्मि गुप्ता, काजल सोन, संगीता यादव, संजय दुबे, अनिल बंजारे, संध्या देवांगन, तिमांजली सिंह रवि देवांगन सहित सभी शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे। इसी तरह केंवट पारा के प्राथमिक व मिडिल स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव के साथ ही न्योता भोज कार्यक्रम रखा गया। जिसमें प्रधान पाठक जगदीश साहू, भूपेंद्र सिंह बनाफर, जतन कैवर्त, मिलुराम कैवर्त, लालकुमार कैवर्त सहित शिक्षकों, बच्चों व शाला विकास समिति के सदस्य शामिल हुए।

### प्राथमिक शाला जमुनाही



**लोरमी।** प्राथमिक शाला जमुनाही में आज प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष समेलाल, मयाराम, प्रधान पाठक कृष्णा सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, राम कुमारी साहू, मुन्ना जायसवाल, बिलेशर निषाद, अंजनी निषाद, ललिता यादव, दिलेश्वरी निषाद, त्रिभुवन साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे। इसी तरह शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरिया, बघर्रा, गोंडपारा डोंगरिया, कंचनपुर, कोसाबाडी, बघनी भांवर में भी शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य डोंगरिया रमा शंकर यादव, संकूल समव्यक राजेश चक्रधारी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे ।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल



**लोरमी।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश में शाला प्रवेश उत्सव का पर्व एसडीएम एल यादव के आतिथ्य में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मनाया गया। इस मौके पर संस्था के प्राचार्य अरुण जायसवाल, अंकिता जॉनसन, कंचन कर्मकार, सागर सिंह बैस, गुरमीत सलूजा, रिक्की सलूजा, महेंद्र खत्री, सिक्कू दुबे, प्राचार्य अरुण जायसवाल, देवी जायसवाल, विजय विश्वकर्मा, ममता कौशिक, वैभव आनंद, माहेश्वरी पाट्रे, एनके गिरी, बीआर चेलक, वीके राठौर, सीपी साहू, मिथिलेश्वरी साहू, अंशिका त्रिपाठी, गरिमा पाठक, मोनिका कौशिक, दिशान जैकब, आनंद गुप्ता निधि नायक, मुस्कान यादव, अमरदास सोनवानी, शिफाली सोनी ,संगीता साहू, प्रीति राजपूत, करन कुमार साहू, मॉलश्री उपाध्याय, भूपेंद्र कोरते, कुलेश्वरी साहू ,सरला डडसेना, दीपक जोशी ,चंद्र सिंह ध्रुव ,संतोष मरकाम, अनुराधा राठौर, धनंजय, सौगीत, राजा आदि उपस्थित थे।

### रहंगी में गणवेश वितरित



**लोरमी।** रहंगी में शाला प्रवेश उत्सव व न्योता भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि सरपंच प्रतिनिधि गोकुल मेलन साहू ने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत तथा पाठ्य पुस्तक व गणवेश का वितरण किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक चंद्रकांत डड़सेना, शिक्षक अभिजीत तिवारी, कृष्ण कुमार यादव, रोहित शर्मा, नंद श्रीवास, रामायण साकत, निशा पोर्ते, सुनीता तांडिया, जनक राम यादव तथा समूह की महिलाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### सेमरसल प्राथमिक शाला

लोरमी। ग्राम सेमरसल प्राथमिक शाला में 41 बच्चों को प्रवेश दिलाया गया। सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यक्रम वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय निषाद, संतोष साहू फौजी थे। इस अवसर पर विश्वनाथ योगी संस्था के प्रधानपाठक राजकुमार कश्यप, शिक्षक राकेश पांडेय, उमाशंकर सिंह, पुष्पा चतुर्वेदी, मीना निषाद, सविता निषाद, गंगिया साहू, छात्र जलाल, चैनू, शीतल, लीला, प्रीति, तेजेश्वर, प्रिया व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## विभिन्न संगठनों ने मिलकर सौंपा ज्ञापन

# पार्षदों व भाजपा नेताओं ने की साव से मुलाकात



डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात करते पार्षद व नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करगीरोड कोटा

नगर पंचायत के पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने डिप्टी सीएम अरुण साव से मिलकर नगर की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने डीकेपी शा उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राउंड में मिनी स्टेडियम, अव्यवस्थित फिरंगीपारा मुक्तिधाम में निर्माण कार्य, नगर पंचायत कोटा में उप अभियंता की नियुक्ति, नगर के विभिन्न तालाबों का सौंदर्याकरण, 15वें वित्त, अधोसंरचना मद में विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य से कराए जाने की मांगों से अवगत कराया।

**खास बात**

- नगर की समस्याओं से उपमुख्यमंत्री को कराया अवगत

इस पर श्री साव ने स्वीकृति कर निविदा की प्रक्रिया तथा उप अभियंता के कारण नगर में विकास न होना प्रधान मंत्री आवास का कार्य अवरुद्ध होने से नगर पंचायत में 7 दिवस के अंदर उप अभियंता की नियुक्ति कर नगर पंचायत भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वेंकट लाल अग्रवाल, रामलाल साहू, प्रदीप कौशिक नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, गोविंद साहू, अमरनाथ साहू, लखन साहू, छोटा साहू, नरेंद्र पालके ,गिरिराज गोस्वामी समेत अन्य मौजूद थे।

### वनांचल के बच्चों से मिले उपमुख्यमंत्री

**लोरमी।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव गुरुवार को अचानकमार टाईगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा आईआईसीआई फाउंडेशन लाइवलीहुड ट्रेनिंग प्रोग्राम एंड विलेज बोटानिस्ट पाठ्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करने हेतु रायपुर अपने निज निवास में आमंत्रित किया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में श्री साव ने कहा आप लोग जिस एटीआर के कारण आज इस मुकाम पर पहुंचे, उस एटीआर को कभी नहीं भूलना। साथ ही एटीआर के



स्थानीय निवासियों के जीवन की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि आज यह बहुत सुखद अवसर है जिसमे आप लोगों ने मेरे आतिथ्य को स्वीकार किया। इस अवसर पर श्री साव ने एटीआर में औरापनी में चल रहे गिद्ध संरक्षण कार्य के ब्रोशर का विमोचन किया। इस अवसर पर फील्ड डायरेक्टर मनोज पांडे, डिप्टी डायरेक्टर यू आर गणेश, सहायक संचालक एटीआर संजय लूथर, मानवेंद्र कुमार, रेंज ऑफिसर विक्रांत कुमार, अमित रोशन एवम अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### नगरीय निकाय महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

**सरगांव।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकायों के विभिन्न संगठनों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा है। महासंघ ने मांगों को लेकर ज्ञापन देने हेतु अधिकारी, कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़, के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, मुकेश तिवारी, संदीप चंद्राकर, ऋषभ ठाकुर, महीतोष शर्मा, आशा जंघेल विकास ठाकुर, मयंक बसंतवाणी, सुभाष सोनकर, जितेंद्र देवांगन, राजवीर दीक्षित, अमित सनादय, संजय पटेल, विनोद यादव, विकास देवांगन, राजेंद्र



पात्रे, अंकुर पांडे, श्रवण कुमार ठाकुर, अरुण सिंह, संजय शर्मा, छत्तीसगढ़ प्लेसमेंट अधिकारी कर्मचारी संघ से प्रदेश अध्यक्ष संजय यने तथा अन्य संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में नगरीय निकायों में विभिन्न समस्याओं को लेकर श्री साव ज्ञापन सौंपा गया। यह जानकारी संघ के प्रदेश महामंत्री विकास सिंह ठाकुर ने दी।

## मरवाही उचित मूल्य दुकान का आबंटन निलंबित

**भर्रीडांड़।** खाद्य निरीक्षक द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन के दौरान चावल एवं शक्कर की मात्रा कम पाए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही ने शासकीय उचित मूल्य दुकान मरवाही का आबंटन निलंबित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि एईपीडीएस सर्वर की ऑनलाइन रिपोर्ट के अनु सार प्रदर्शित खाद्यान में और भौतिक सत्यापन में चावल एवं शक्कर की मात्रा में कमी पाए जाने पर दुकान संचालन कर्ता सरपंच-सचिव ग्राम पंचायत मरवाही को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मंगाया गया। जवाब संतोषप्रद नही होने पर छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कण्डिका 11 (1), 11(2), 11(5) एवं 11 (11) के तहत आबंटन निलंबित किया गया है। इस दुकान का संचालन शासकीय उचित मूल्य दुकान मरवाही (आईडी 642010082) में अस्थाई रूप से संलग्न करते हुए अध्यक्ष-सचिव सावनी महिला स्व सहायता समूह मरवाही को आगामी आदेश पर्यन्त खाद्यान्न वितरण हेतु आदेशित किया गया है।

**खास बात**

- चावल व शक्कर की मात्रा कम पाए जाने पर हुई कार्रवाई

## पंजीयन शुल्क गबन के मामले में नपा कर्मी गिरफ्तार

**मुंगेली।** नगर पालिका में बहुचर्चित मामला मवेशी बाजार में खरीदी बिक्री पंजीयन शुल्क के नाम पर लाखों रूपये गबन के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की शुरूआत करते हुए नगर पालिका के एक कर्मचारी को हिरासत में लिया। पुलिस कार्रवाई को लेकर नगर पालिका कार्यालय में हड़कंप मचा। नगर पालिका परिषद मुंगेली के अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य द्वारा मुंगेली सप्ताहिक मवेशी बाजार में होने वाले आय के गबन मामले में शिकायत पर धारा 409, 467, 468, 471 के तहत आरोपी रामकुमार महिलांग को हिरासत में लेकर जेल दाखिल किया गया। मामले में विवेचना जारी रहने एवं कइयों के नाम आने की चर्चा हैं।



नगर पालिका में अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य लोगों द्वारा संगठित रूप से मिलकर मवेशी बाजार में लाखों खरीदी-बिक्री पंजीयन शुल्क के नाम पर लाखों रूपए की गड़बड़ी के मामले में सरदार पटेल वार्ड निवासी अनिल कुमार तंबोली ने 20 दिसंबर 2023 को आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्राथी की रिपोर्ट पर धारा 420, 408, 34 भादसं पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में जब्त मूल रसीद एवं फीस वसूली रजिस्टर ह राशि में अंतर होना पाए जाने पर तथा लोकसेवक द्वारा फीस वसूली रसीद बुक में कूटरचना कर राशि गबन करना पाए जाने पर मामले में धारा 409, 467, 468, 471 भादसं जोड़ी गई। आरोपी रामकुमार महिलांग को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी द्वारा मवेशी बाजार फीस वसूली मूल रसीद बुक 35 नग में कुल 24 लाख 53 हजार 730 रूपये वसूल किया गया है और उक्त वसूल की गई रकम में से 15 लाख 57 हजार 730 रूपये को नगर पालिका परिषद के कैश बुक अनुसार जमा किया गया है। शेष राशि कों 8 लाख 96 हजार रूपये को गबन करना अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया गया है। जहां से आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। पुलिस की कार्यवाही के पश्चात नगर पालिका कार्यालय में हड़कंप मचा रहा। मामले में विवेचना जारी रहने एवं कइयों के नाम आने की चर्चा हैं।



मवेशी बाजार में पंजीयन शुल्क के नाम पर घोटाला, जुर्म दर्ज

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

## कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य समिति की बैठक



बैठक में उपस्थित अधिकारी एवं चिकित्सक।

**मुंगेली** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की मैराथन बैठक ली।

बैठक में उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य मद् एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत प्राप्त राशि की मदवार विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही जीवन दीप समिति, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना, ओपीडी आईपीडी में प्राप्त राशि एवं व्यय की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. राय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार, तीनों विकासखण्डों के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, समस्त विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रबंधक-लेखा, विकासखण्ड लेखा प्रबंधक, लेखापाल एवं अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।



बोर खनन के दौरान उपस्थित नगरवासी।

## वार्डवासियों को मिलेगी सारी सुविधाएं: साहू

**तखतपुर।** नगर में बुनियादी सुविधा को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष अमरिका कृष्ण कुमार साहू सतत प्रयासरत है नगर के वार्डो में अध्यक्ष निधि से बोर खनन कराकर पेयजल की समस्या को दूर किया।

तखतपुर नगरपालिका के अध्यक्ष अमरिका कृष्ण कुमार साहू ने कहा कि परिषद की इच्छा है कि नगर के वार्डो में लोगों को सड़क, पानी, बिजली जैसी मुलभूत समस्या के लिए परेशान होना न पड़े। जब लोगों को बुनियादी जरूरतें आसानी से पूरी हो सकेगी तो वे अपनी ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक कार्यो और विकास के क्षेत्र में लगाएंगे और इसी उद्देश्य को लेकर हम काम कर रहे है। अध्यक्ष निधि से वार्ड 6 में बोर खनन किया गया। इस अवसर पर बाला ठाकुर, मुकीम अंसारी, काशी देवांगन कोमल सिंह ठाकुर, नैन लाल साहू, कैलाश देवांगन, सुनील आहुजा, शिव देवांगन, अय्युब अंसारी, फिरोज खान, साहिल खान, इस्लाम अंसारी, जय दुबे, राजेश सोनी, जाकिर जायसी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## परिसीमन के कार्य को गंभीरता से लें अफसर



वार्डो के परिसीमन की बैठक लेती अपर कलेक्टर।

**मुंगेली।** जिले में शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकायों के वार्डों का परिसीमन का कार्य शुरू कर दिया गया है। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने गत दिवस जिला कलेक्टोरेट में राजस्व अधिकारियों और नगरीय निकायों के सभी सीएमओ की बैठक लेकर वार्डों के परिसीमन का कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंत में प्रस्तावित चुनाव के पहले नगरीय निकायों के वार्डों का परिसीमन करने का आदेश नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा दिया गया है। संबंधित अधिकारी इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें। परिसीमन के दौरान प्राप्त दावा-आपत्ति का तत्काल निराकरण करें। ल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद मुंगेली, नगर पालिका परिषद लोरमी, नगर पंचायत पथरिया, नगर पंचायत सरगांव, नगर पंचायत जरहागांव और नगर पंचायत बरेला में वार्डों का परिसीमन का कार्य शुरू कर दिया गया है। वार्डों के परिसीमन कार्य हेतु प्रत्येक नगरीय निकायों में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

## खरकेना में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति का अनावरण

# जनभावनाओं के अनुरूप होंगे क्षेत्र में विकास कार्यः धर्मजीत

**सकरी।** मूलभूत सुविधा प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है हम आप सभी लोगों की भावनाओं के अनुरूप ही क्षेत्र का विकास करेंगे। आज हम छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति के अनावरण समारोह में उपस्थित हैं। हमारी सरकार ने माताओं बहनों को आर्थिक रूप से मजबूत करने महतारी वंदन योजना लागू की है जो की मातृ शक्ति के उपासना का सबसे बड़ा उदाहरण है।

उक्त उदगार ग्राम खरकेना में आयोजित सामुदायिक भवन एवं छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के आसंदी से तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने ग्रामीणों की अन्य मांगों को भी पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि पूर्व संसदीय सचिव राजू सिंह क्षत्री ने कहा कि प्रदेश में



विधायक धर्मजीत सिंह का सम्मान करते ग्रामीण।

जबसे बीजेपी की सरकार आई है विष्णुदेव साय की अगुवाई में प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है और हम स्वर्णिम भविष्य की ओर जा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि हमारे विकास की बागडोर ऐसे विधायक के हाथो में है जिन्हें छत्तीसगढ़ विधानसभा में उत्कृष्ट विधायक होने का गौरव प्राप्त है। सरपंच परमेश्वर साहू ने जनता की मांगों से विधायक को अवगत कराते हुए कहा कि खरकेना में एक उप स्वास्थ्य केन्द्र, खरकेना से डिंघोरा पहुंच मार्ग एवं खरकेना में धान उपार्जन केन्द्र खोलने की मांग की जिस पर विधायक ने इसे पूरा कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन जनपद सदस्य योगेश साहू एवं आभार प्रदर्शन उपसरपंच डॉ. लक्ष्मण साहू ने किया। इस अवसर पर हर प्रसाद कौशिक, छोटेलाल साहू,जनपद सदस्य योगेश साहू,सरपंच परमेश्वर साहू,देवीलाल साहू,गोपाल यादव, राजेन्द्र साहू,अंजोर चतुर्वेदी,पूर्व जनपद सदस्य भोलानाथ तिवारी, तोरण कौशिक, संजय साहू, हीरालाल साहू, जय प्रकाश साहू, राजेश कौशिक, रमेश छेदइहा,फ़ुकरम ध्रुव, उमा बाई साहू शांति बाई साहू, लीलावती ध्रुव, सुदामा साहू, गणेश मारकंडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शाला प्रवेश उत्सव

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कलेक्टर राहुल देव ने कक्षा पहली और कक्षा छठवीं में प्रवेश करने वाले बच्चों को पुष्पाहार और उपहार भेंटकर स्वागत किया। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि पूरे साल भर नए उत्साह, उमंग और लगन के साथ पढ़ाई कर आपको आगे बढ़ना है। इस मौके पर जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पांडेय, प्राचार्य जयमंगल सिंह ध्रुव, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मण्डलोई सहित संबंधित अधिकारीगण, ग्राम के सरपंच संतोष यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दाऊपारा



**मुंगेली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में शाला प्रवेशोत्सव 2024 शाला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्षद सुशीला डॉ. हीरालाल साहू द्वारा शाला में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यवाहक अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुंगेली मोहन मल्लाह रहें। इस मौके पर सुनील पाठक, एसएमडीसी के पूर्व सदस्य डॉ.हीरालाल साहू, रमेश बुनकर, अमितेश आर्य, जितेन्द्र दावड़ा, मोहित कुमार बंजारा, राजेश्वर सिंह टण्डन, ओपी दुबे, सुशीला साहू, ललिता सोनी, भानू सोनी, महादेव यादव, राहुल वर्मा, पारूल ओझा, हरिशंकर गुप्ता, उमाशंकर साहू, संख्या कुजूर, पुष्पांजली कोशले, रंजीता केवट, राजेन्द्र साहू, दीप्ति चतुर्वेदी, अमृता पात्रे, डुलेश गबेल, यीतेश्वरी ठाकुर, लिपिक राकेश साहू सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पंकज मिश्रा एवं सांत्वना दत्ता ने किया।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा



**मुंगेली।** पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में प्रवेशोत्सव 2024 मनाया गया। जिसमें छात्राओं को गुलाल लगाकर कर व चॉकलेट के साथ स्वागत किया गया। सहायक आयुक्त एल.पी. पटेल, क्षेत्र संयोजक एच.डी.डहरिया, डी.एल. भास्कर के साथ विद्यालय के प्राचार्य आरआर ध्रुव व शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### शासकीय हाई स्कूल सुरेठा



**मुंगेली।** शासकीय हाई स्कूल सुरेठा भवन में प्राथमिक मिडिल तथा हाई स्कूल का संयुक्त शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी राज्य अंत्यावसायी वित्त एवं विकास देवेंद्र जांगडे तथा सरपंच सुरेठा राधेश्याम निषाद ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन किया गया। रतनदास पालक अंजू निषाद पंच शशि प्रभा सोनी प्रभारी प्राचार्य, रोहिणी बंजारे, ज्योति राय, अरुण बघेल, मोहन श्रीवास, नेतराम कुर्रे ने छात्रों को प्रवेश दिया गया। शशि प्रभा ने शासन की महत्वपूर्ण योजना और छात्रों को मिलने वाली सभी सुविधाओं को विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन श्रीमती राय द्वारा किया गया।

### इग्नाइट प्राथमिक व कन्या शाला



**पथरिया।** इग्नाइट शासकीय प्राथमिक शाला एवं कन्या हाई स्कूल पथरिया में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष कालिका बंजारे, नगर पंचायत सभापति धर्मेंद्र श्रीवास ने कहा कि शिक्षा सत्र की शुरुआत से ही बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें यह सुनिश्चित करना शिक्षकों और हम पालकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर शिक्षाविद बलराम जायसवाल नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष प्रकाश रॉय, इंद्रजीत यादव, चंद्रेश यादव, राकेश यादव, बल्लू यादव, प्राचार्य रजनीश यादव, शिक्षक अशोक सोनवानी, कस्तूरी ध्रुव, गीतादेवी गुप्ता, शशिलता गेंदले व पालक उपस्थित थे।

### पूर्व माध्यमिक शाला रमतला



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रमतला में शाला प्रवेश उत्सव जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 1 जिला योजना समिति सदस्य स्मृति त्रिलोक श्रीवास के मुख्य अतिथि में, पार्षद वार्ड क्रमांक 68 योगिता आनंद श्रीवास के विशिष्ट अतिथि में एवं ग्राम पंचायत रमतला के सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र सूर्यवंशी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास ने शाला परिवार एवं बच्चों को संबोधित किया ,और इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं आमंत्रित अतिथियों ने नौ प्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर एवं गढ़वेश व किताब पाठ सामग्री वितरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्मृति त्रिलोक श्रीवास ने शाला परिवार एवं शाला के विकास हेतु भरपूर सहयोग करने का वचन भी दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक आरती सोनी ग्राम की वरिष्ठ सरोज यादव सहित शाला परिवार के शिक्षक गढ़ ग्रामवासी पंचायत प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# चुनाव के बाद भी सुस्ती का आलम, जिले में 8 हजार राजस्व मामले पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रशासनिक अमले में लोकसभा चुनाव की खुमारी अब भी बरकरार है, चुनाव होने और केंद्र में नई सरकार के अस्तित्व में आने के बाद भी अमला सक्रिय नहीं हो पाया है। हालत यह है कि बिलासपुर जिले में राजस्व मामलों की पेडेंसी अभी भी लगभग 8 हजार है। इनमें ज्यादातर राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम एवं तहसील स्तर के मामले हैं।

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भी राजस्व मामलों के निराकरण की गति धीमी चल रही है। बिलासपुर जिले में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को वोटिंग हुई थी, उसके पहले तक तो राजस्व अधिकारी निर्वाचन कार्य में व्यस्त रहे। लेकिन वोटिंग के बाद काउंटिंग 4 जून को हुई तब तक राजस्व अधिकारियों को पेडेंसी निपटाने बीच में समय मिल गया था, उसके बाद काउंटिंग को लेकर भी अधिकारी कुछ दिन व्यस्त रहे, उसके बाद राजस्व अधिकारी पूरी तरह से निर्वाचन कार्य से मुक्त हो गए हैं। उसके बाद भी राजस्व मामलों के निराकरण की गति तेज नहीं हो पाई है। नायब तहसीलदार, तहसीलदार से लेकर एसडीएम, एडीएम मिलाकर 51 राजस्व न्यायालयों में राजस्व मामलों की पेंडेंसी चुनाव के समय लगभग साढ़े नौ हजार पहुंच गई थी। इनमें नामांतरण, बंटवारा, डायवर्सन, रिकार्ड दुरूस्तीकरण, अपीलीय प्रकरण, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों की पेशी बढ़ती चली गई। चुनाव के समय राजस्व मामलों की जो पेंडेंसी थी, उसमें से लगभग डेढ़ हजार प्रकरणों का ही निपटारा हो पाया है, जबकि अभी भी करीब 8 हजार राजस्व मामले पेंडिंग हैं।

- प्रकरणों के निराकरण की गति धीमी

### एसडीएम व तहसील स्तर पर ज्यादा पेंडेंसी



### चुनाव के पहले दो बाबू व एक पटवारी पर हुई थी कार्रवाई

हाईकोर्ट के आदेश पर कलेक्टर द्वारा बिलासपुर एसडीएम न्यायालय के प्रकरणों के निरीक्षण के लिए एक समिति गठित की गई थी। इस समिति द्वारा बिलासपुर एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण कर प्रकरणों की जांच की गई थी, जिसमें न्यायालय में राजस्व प्रकरण सहित डायवर्सन के काफी प्रकरण पेंडिंग पाए गए थे और प्रकरणों की पेडेंसी को लेकर गंभीर लापरवाही भी पाई गई थी। इस समिति के जांच प्रतिवेदन के आधार पर बिलासपुर एसडीएम कोर्ट के वाचक एवं एक सहायक ग्रेड-टू कर्मचारी को गंभीर लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया था। इसके अलावा डायवर्सन संबंधी प्रकरण में समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने के कारण एक पटवारी को भी निलंबित किया गया था।

### सीमांकन के हजारों प्रकरण लंबित

जिले के विभिन्न तहसीलों में सीमांकन के ही एक हजार प्रकरण लंबित हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव दौरान पटवारी, आरआई से लेकर तहसीलदार सभी निर्वाचन कार्य में लगे रहे। इसलिए जमीन की नापजोख, सीमांकन के मामले में अटके हुए थे। चुनाव निपटने के बाद कुछ मामलों में जमीन का सीमांकन हो पाया है, जबकि अभी भी हजारभर मामले सीमांकन के रूके हुए हैं। इधर बरसात लग गई है और बरसात में ग्रामीण क्षेत्रों में सीमांकन नहीं हो पाता है।


### लगातार हो रही है समीक्षा

राजस्व मामलों की समीक्षा बीच-बीच में की जा रही है। टीएल के बैठक में भी राजस्व अधिकारियों को तेजी से राजस्व प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व प्रकरणों को लेकर आरओ बैठक भी होने वाली है जिसमें राजस्व मामलों की समीक्षा की जाएगी।

-आर कुरूवंशी, एडीएम

## खबर संक्षेप

### ठेकेदार ने खोदा गड्ढा गिर रही बाउंड्रीवाल



**बिलासपुर।** नगर निगम क्षेत्र में धड़ल्ले से ठेकेदारों को उपकृत करने काम चल रहा है। दरअसल वार्ड क्रमांक 49 बीआर यादव नगर में पिछले 6 माह से काम चल रहा है। बहतराई स्टेडियम से लगी इस बस्ती में 300 से अधिक परिवार रहते हैं। निगम के ठेकेदार ने नाली निर्माण के लिए कई जगहों पर खोदाई की और 7 से 10 फीट तक की मिट्टी हटा दी है। खास बात यह है कि नालियों की चौड़ाई महज डेढ़ से 2 फीट ही है लेकिन 7 से 10 फीट चौड़ा गड्ढा खोद दिया गया है। कई घरों के बाउंड्रीवाल अब गिरने के कगार पर पहुंच चुकी है। वहीं घरों में नाली का पानी भर रहा है। वहीं निगम के अधिकारियों से इस बात की शिकायत करने पर महज आश्वासन दिया जा रहा है। जिससे आसपास के रहवासी खासे परेशान हैं। वहीं घरों में गंदा पानी भरने की वजह से संक्रमण का खतरा भी बढ़ चुका है।

### स्कूल नहीं पहुंच रहे बच्चे पार्षदों को लगा रहे फोन

**बिलासपुर।** प्रायमरी स्कूल में बच्चे नहीं आ रहे हैं, जिसके कारण शिक्षकों की टेंशन बढ़ गई है। बच्चों को स्कूल लाने अब शिक्षक घर घर दस्तक देना शुरु कर दिए हैं। वहीं पालकों और पार्षद को फोन कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए कहा जा रहा है। 26 जून को स्कूल खुल गया है। पहले दिन कई स्कूल में बच्चे ही नहीं आए। जिसके कारण शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम टाल दिया गया। बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए शिक्षक द्वारा अनेक कवायद शुरु कर दी गई है। शिक्षकों का कहना है बच्चों को स्कूल भेजने के लिए पार्षद और स्थानीय लोगों से संपर्क कर रहे हैं आसपास शिक्षकों को भेजा जा रहा है।

### स्कूल में दुर्घटना हुई तो शिक्षक जिम्मेदार

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने प्रायमरी,मिडिल हाई एवं हायर सेकेंड्री स्कूलों को एक आदेश जारी किए हैं। स्कूल के आसपास और प्रांगण की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। जिससे बच्चों के जान को सांप-बिच्छू से खतरा न हो। पत्र में डीईओ ने कहा कि प्रायः देखा गया है विद्यालय प्रांगण से विद्यार्थी नदी तालाब आदि के पास चले जाते हैं। जिसके कारण उनकी दुर्घटनाएं हो जाती है। स्कूल परिसर में छात्र के पहुंचने के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी,शाला प्रमुख शाला परिवार जिम्मेदार रहेगें। डीईओ ने बताया मस्तुरी क्षेत्र में दो बच्चों की मौत तालाब में डूबने के कारण हो गई थी। दोबारा ऐसी घटना न हो इस उद्देश्य से आदेश दिया गया है।

## दाधापारा, तिफरा, उसलापुर, सिरगिट्टी ब्रिज में दिखती है गंदगी

# मेंटनेंस के अभाव में बदहाल हो गए ब्रिज विभाग के अफसर कह रहे जांच करेंगे



लालखदान ओवरब्रिज में मवेशियों का डेरा, फैली गंदगी।



उसलापुर ओवरब्रिज पर नहीं होती साफ-सफाई।



तिफरा ओवरब्रिज पर नजर आते हैं गड्ढे व गंदगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के आसपास बने ब्रिज की हालत खराब है। बारिश आने के बाद इन ब्रिज पर गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण यहां कीचड़ फैल रहा है। वहीं साफ-सफाई नहीं होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर में करोड़ों की लागत से बनाए गए ब्रिजों की दशा खराब है। सेतु निगम द्वारा ब्रिजों की मरम्मत को लेकर लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा आम लोगों को उठाना पड़ रहा है। लालखदान, तिफरा, उसलापुर, सिरगिट्टी में बनाए गए ब्रिज पर सालों से मरम्मत और साफ सफाई नहीं की गई है, जिससे ब्रिज के दोनों ओर मिट्टी की गाद जमा हो चुकी है और यहां बारिश का पानी रूक रहा है। यातायात का दबाव अधिक होने के कारण अब ब्रिज पर गड्ढे बन रहे हैं, लेकिन अधिकारी इसे लेकर उदासीन बने हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत के लिए फंड की आवश्यकता होती है, चुनाव के कारण इन ब्रिजों की मरम्मत तक नहीं कराई गई है।

- निगम की लापरवाही का खामियाजा लोगों को पड़ रहा उठाना

### गड्ढे से होकर गुजर रहे वाहन



उसलापुर ब्रिज के ज्वाइंट पर गेप।



उसलापुर ब्रिज का टूट रहा फुटपाथ।

### साफ सफाई नहीं

ज्यादातर ब्रिज नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत है, ऐसे में निर्माणकारी एजेंसी सेतु निगम होने के बाद भी विभाग साफ सफाई नहीं कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम क्षेत्र में सड़क की सफाई का जिम्मा निगम का है। वहीं सेतु निगम के पास सफाई हेतु कर्मचारी नहीं हैं, जिसके चलते सफाई नहीं होती है।

### निगम को ध्यान देना चाहिए

सफाई की कोई व्यवस्था सेतु विभाग से नहीं की जा सकती है। निगम से पत्राचार किया गया है। निगम को सफाई पर ध्यान देना चाहिए। मरम्मत के लिए अब बारिश के बाद ही टेंडर लगाया जा सकता है।

-सीके पांडेय
प्रभारी ईई, सेतु निगम

# एक हफ्ते के भीतर दो आरएचओ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत आरएचओ को स्वास्थ्य विभाग की नींव कहां जाता है, लेकिन पिछले 1 हफ्ते के भीतर जिले के दो आरएचओ की मौत हो गई है। दुखद यह है कि दोनों की मृत्यु एक्सीडेंट की वजह से हुई है और दोनों ही आरएचओ जिले के कर्मठ कर्मचारी माने जाते रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चकरभाठा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत आरएचओ श्रीकांत तिवारी 20 जून की शाम अपने घर के बाहर टहल रहे थे, इस दौरान चकरभाठा एयरपोर्ट के आरक्षक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं। इलाज के दौरान 22 जून को उनकी मौत हो गई। इसी प्रकार गुरूवार को कोटा ब्लॉक के मटसगरा में ड्यूटीरत स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ हरि सिंह राजपूत उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वे इस दौरान ड्यूटी पर थे और गोबरीपाट के बीच पुष्कर पेट्रोल पंप के पास मोटर सवार ने उन्हें ठोंक दिया, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही हरि सिंह की मौत हो गई। कोटा पुलिस ने उनका पीएम कराया है। वहीं पुलिस की जांच जारी है। एक ही हफ्ते के भीतर स्वास्थ्य विभाग के दो कर्मण्ठ कर्मचारियों की मौत से अधिकारी और कर्मचारियों में शोक संतप्त है। वहीं सीएमएचओ डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने चकरभाठा में हुई घटना के बाद मृतक के परिजनों से मुलाकात कर सहायता राशि का वितरण किया है।

# शव देने से किया मना, हंगामा

**बिलासपुर।** एक्सीडेंट में घायल होकर शहर के निजी अस्पताल में इलाज करा रहे परिजन और अस्पताल प्रबंधन के बीच विवाद हो गया। अस्पताल ने मरीज को मृत घोषित कर दिया और बिना इलाज की राशि जमा किए परिजनों को शव देने से मना कर दिया, जिसके बाद अस्पताल में हंगामा मचने लगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनुपपुर निवासी रमाशंकर त्रिपाठी का 27 मई को एक्सीडेंट हो गया था, परिजनों ने इलाज के लिए उसे 28 मई को मिशन अस्पताल रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, डाक्टर ने इस दौरान सिर में चोट लगने और खून जमा होने की बात कहते हुए आपरेशन करने की बात कही, परिजनों ने लाखों रूपए जमा कराकर आपरेशन करा लिया, इसके बाद भी मरीज के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा था। निजी अस्पताल के डाक्टर एक माह तक मरीज का इलाज करते रहे, गुरूवार की सुबह मरीज के परिजन अस्पताल पहुंचे और मरीज का हाल चाल जानना चाहा, इस दौरान डाक्टरों ने उन्हें हालत गंभीर होने की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन मरीजों को ले जाने की बात कहने लगे, अगले ही पल अस्पताल के डाक्टरों मरीज को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों का हंगामा शुरू हो गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन इस दौरान मरीज के शव के एवज में पैसे बनाने में लगा हुआ था और अस्पताल ने बिना राशि चुकाए शव देने से मना कर दिया था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

# दुष्कर्म के मामले में पति गिरफ्तार बदहवास पत्नी थाने में गिरी

**बिलासपुर।** महिला से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पति की गिरफ्तारी से उसकी पत्नी बदहवास होकर थाने में गिर गई, जिससे थाने में हड़कंप मच गया।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला का धूरीपारा निवासी किशन पटेल से प्रेम संबंध था और दोनों पहले से शादीशुदा थे। किशन पटेल महिला को शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। किशन के प्यार में महिला ने अपने पति को छोड़ दिया और उस पर शादी करने का दबाव बनाने लगी। किशन ने शादी करने से इनकार कर दिया। बताया जाता है 25 जून को पीड़ित महिला सिविल लाइन थाने पहुंचकर किशन के खिलाफ शिकायत कर पुलिस पर उससे शादी करने का दबाव बना रही थी। बात नहीं बनने पर गुरूवार को पीड़ित महिला घटना की रिपोर्ट लिखाने थाने आई। महिला की रिपोर्ट पर किशन पटेल के खिलाफ धारा 376 का मामला दर्ज कर उसे थाने बुलाया गया। किशन पटेल अपनी पत्नी शिवकुमारी पटेल के साथ थाने आया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर किशन पटेल को गिरफ्तार कर थाने में बैठा दिया। पति के गिरफ्तार होते ही उसकी पत्नी शिवकुमारी पटेल बदहवास होकर गिर गई। जिससे थाने में हड़कंप मच गया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है महिला बाहर से जहर खाकर थाने आई थी।

### अस्पताल में कराया भर्ती

पीड़िता महिला की रिपोर्ट पर पति को गिरफ्तार करने पर उसके साथ आई पत्नी बदहवास होकर थाने में गिर गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका बयान लेने महिला एएसआई को अस्पताल भेजा गया था। पीड़िता बात नहीं कर पा रही है, जिससे उसका बयान नहीं हो पाया है।

-भावेश सेंडे, सिविल लाइन थाना प्रभारी

# नशीली दवा पिलाकर नाबालिग से किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

काम दिलाने का झांसा देकर ठेकेदार ने एक नाबालिग को 12 घण्टे बंधक बनाए रखा, फिर कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध कायम कर ठेकेदार की तलाश कर रही है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक 17 वर्षीय नाबालिग पिछले दिनों अपनी मां के साथ बृहस्पति बाजार में 5 रुपए थाली में खाना खाने गई थी। इसी दौरान उसकी जरहाभाठा निवासी संतोष नामक ठेकेदार से जान पहचान हुई। उसने उसकी मां को नाबालिग को नौकरी देने का आश्वासन दिया। 25 जून को ठेकेदार ने पीड़िता की मां को पीड़िता को काम दिलाने के लिए फोन किया। जिससे उसने अपनी बेटी को ठेकेदार से मिलने के लिए सीपत चौक भेज दिया। सीपत चौक में ठेकेदार नाबालिग को बाइक में बैठाकर सकरी क्षेत्र के एक सूने मकान में लेकर गया और एक कमरे में बंद कर कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर पिला दिया। उसके बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। रात 11 बजे ठेकेदार पीड़िता को सरकण्डा शिवघाट में छोड़कर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर ठेकेदार संतोष के खिलाफ धारा 342, 363, 366, 376, 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ठेकेदार के सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है।



- 12 घण्टे तक बंधक बनाया
- ठेकेदार की तलाश में जुटी पुलिस

### भतीजी को दूसरे कमरे में रखा

ठेकेदार का फोन आने पर पीड़िता की मां ने उसके साथ 7 साल की भतीजी को भेजा था। ठेकेदार बच्ची को समोसा व अन्य खाद्य सामग्री देकर दूसरे कमरे में रखा हुआ था। इस दौरान पीड़िता के मोबाइल में फोन आने पर ठेकेदार उसे किसी से बात करने नहीं दे रहा था।

# रकम लौटाने के बाद भी सूदखोरों ने युवक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उधार की रकम लौटाने के बाद सूदखारों ने युवक के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, लिंगियाडीह पुरानी बस्ती निवासी चप्पू सोनकर पिता उधो श्याम नरेश सब्जी बेचते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है 3 माह पहले पत्नी कृति नरेश की मृत्यु होने पर पैसे की जरूरत होने पर दयालबंद निवासी पिन्टू केशरी से 30 हजार रुपए उधार लिया था। उसके बाद उन्होंने उधार की रकम पिंटू केशरी को लौटा दिया था। 26 जून को रात वे राजकिशोरनगर से अटल आवास अपने घर जा रहे थे। रात 10.30 बजे उसके घर के पास पिंटू केशरी आवाज देकर रोका। उसके साथ गोलू सोनकर, विक्की सोनकर भी थे। तीनों उधार के 30 हजार रुपए की मांग करने लगे। रुपए लौटाने की बात कहने पर वे गाली गलौज करने लगे। उन्होने गाली देने से मना किया तो तीनों ने स्टील की पाइप व बेसबाल से जमकर पिटाई कर दी।

पुलिस ने चप्पू की रिपोर्ट पर तीनों हमलावरों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

- सरकंडा थाने का मामला
- घटना रात साढ़े 10 बजे की

हरिभूमि नं.1 आवश्यकता है
हरिभूमि बिलासपुर में क्लासीफाईड विभाग में मार्केटिंग कार्य के लिए
मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है,
वेतन योग्यतानुसार/शिक्षा-स्नातक।
स्वयं का वाहन होना अनिवार्य है।
इच्छुक सज्जन अपने बायोडाटा व पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन भेजें।
संपर्क करें
हरिभूमि
रिंगरोड नं. 2 गौरव पथ, बिलासपुर छ.ग. फोन- 07752401050
Haribhoomibsp@gmail.com

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

